RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Quipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 25 अंक : 350 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 17 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


## नागपुर में बड़ा धमाका : 9 कर्मचारियों की मौत, 3 की हालत नाजुक

**नागपुर ( एजेंसी )।**

महाराष्ट्र के नागपुर के बाजारगांव गांव में सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में धमाका हुआ है। इस धमाके में 9 लोगों की मौत हुई है। ब्लास्ट सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के वक्त हुआ। धमाके के बाद पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। धमाके में 3 की हालत नाजुक बताई जा रही है।

नागपुर ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया कि 'नागपुर के बाजारगांव गांव में सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में धमाका होने से नौ लोगों की मौत हो गई। यह धमाका सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के वक्त हुआ। फिलहाल अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ तो सोलर कंपनी की यूनिट के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे। यह विस्फोट फर्म के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप पखाले ने घटना के बारे में कहा कि 'इस फैक्ट्री में भारी मात्रा में गोला-बारूद और केमिकल होने से जानमाल के नुकसान की आशंका है। इस विस्फोट की सटीक तीव्रता अभी तक सामने नहीं आई है।' पता चला है कि मृतकों में 6 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं. यह कंपनी नागपुर अमरावती रोड पर बाजार गांव में स्थित है और शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह विस्फोट आज सुबह करीब नौ बजे हुआ।

बता दें कि सोलर कंपनी भारत में कई कंपनियों को गोला-बारूद सप्लाई करती है. वहीं यह कंपनी रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कुछ कंपनियों को गोला-बारूद सप्लाई करती है। 'विस्फोटक' में बड़ी मात्रा में रसायनों का प्रयोग किया जाता है. बताया जा रहा है कि पैकिंग के काम के दौरान यह विस्फोट हुआ है।



## प्रधानमंत्री ने सूरत को दी दोहरी सौगात

### मोदी ने एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग और डायमंड बोर्स का किया उद्घाटन

**सूरत( एजेंसी )।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात में सूरत हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन और सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। सूरत डायमंड बोर्स अंतरराष्ट्रीय हीरे तथा आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा एवं आधुनिक केंद्र होगा। वहीं सूरत एयरपोर्ट का नया एकीकृत टर्मिनल भवन व्यस्ततम समय के दौरान 1,200 घरेलू यात्रियों और 600 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने में सक्षम है। इसमें इस दौरान अपनी क्षमता को 3,000 यात्रियों तक बढ़ाने की व्यवस्था है। इसके साथ ही इस हवाई अड्डे की यात्रियों को संभालने की वार्षिक क्षमता बढ़कर अब 55 लाख यात्रियों तक हो गई है।




सूरत एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का निर्माण स्थानीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप किया गया है। जबकि सूरत डायमंड बोर्स की इमारत 67 लाख वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र में फैली है, जो दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय परिसर है। यह सूरत शहर के पास खजोद गांव में स्थित है। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। इसमें आयात और निर्यात के लिए एक अत्याधुनिक 'सीमा शुल्क निकासी गृह', खुदरा आभूषण व्यवसाय के लिए आभूषण मॉल, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और सुरक्षित तिजोरी जैसी सुविधाएं होंगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास की विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत करने के लिए आज वाराणसी भी जाएंगे। पीएम मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में भाग लेने के लिए वाराणसी जाएंगे। आज शाम को पीएम मोदी नमो घाट पर 'काशी तमिल संगमम- 2023' का उद्घाटन करेंगे। वाराणसी में अगले दिन वह एक सार्वजनिक समारोह में स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन करेंगे और 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में भी भाग लेंगे।पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में 19,150 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

सूरत के डायमंड सेंटर को दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग बताया जा रहा है। जिसके चलते सूरत डायमंड बूर्स का नाम पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है। यह बिल्डिंग 67 लाख स्कवायर फीट में बनी है और इसे बनाने में करीब 3500 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इस बिल्डिंग में एक साथ 4500 डायमंड ट्रेडिंग ऑफिस काम कर सकते हैं। इस पूरी इमारत में 15-15 फ्लोर के 9 टावर बनाए गए हैं, जिनमें 300 स्कवायर फीट से लेकर एक लाख स्कवायर फीट तक के ऑफिस स्पेस बनाए गए हैं। डायमंड बूर्स को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल से प्लैटिनम रेटिंग भी मिली है।

## गलती से खाते में 26 लाख रुपये व्यक्ति ने लौटाने से किया इनकार

**नोएडा।** नोएडा में निजी बैंक ने एक व्यक्ति पर 26,15,905 रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। तकनीकी खामी के कारण बैंक ने गलती से आरोपी व्यक्ति के खाते में यह रकम हस्तांतरित कर दी थी। आरोप है कि व्यक्ति ने अपने खाते में आई इस रकम को तत्काल चेक और ऑनलाइन माध्यम से निकाल कर हड़प लिया।

पुलिस को दी गई शिकायत में निजी बैंक के अधिकारी पंकज बांगर ने बताया कि साइबर अपराध थाने में दर्ज एक मामले में नीरज कुमार नामक व्यक्ति से 58 हजार रुपये साइबर ठगी हुई थी, जिसमें तत्काल शिकायत हो जाने के कारण बैंक की तरफ से ठगी के 58 हजार रुपये को 'फ्रीज' कर दिया गया थाय स्थानीय अदालत के आदेश के बाद कुमार के ठगी में गए रुपये को बैंक की तरफ से खाते में वापस किया गया।

अधिकारी ने बताया कि इस दौरान तकनीकी खामी की वजह से बैंक से 58 हजार रुपये की जगह नीरज कुमार के खाते में कुल 26,15,905 रुपये हस्तांतरित हो गए, जिसे कुमार ने तत्काल 13,50,000 रुपये चेक के जरिए तथा शेष धनराशि ऑनलाइन के माध्यम से दूसरे बैंक खाते में हस्तांतरित कर लिए।

उन्होंने बताया कि बैंक की सतर्कता टीम ने जांच की तो पूरी घटना की जानकारी हुई। अधिकारी ने बताया इसके बाद बैंक की तरफ से नीरज कुमार को रुपये वापस करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने बेईमानी पूर्वक ये रकम हड़प ली।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में अधिकारी की तरफ से दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का हुआ शुभारंभ

### बच्चों को वैज्ञानिक प्रयोग करने की स्वतंत्रता दें शिक्षक : डीएम




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रिंस इंस्टिट्यूट आफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी कॉलेज ग्रेटर नोएडा में राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ हुआ, 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों बच्चों को वैज्ञानिक प्रयोग करने की स्वतंत्रता दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को असफलताओं से नहीं डरना चाहिए। असफलताएं ही सफलता का माध्यम बनती हैं।

एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इन्नोवेटिव रिसर्च के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार धर ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि जागृत करने में शिक्षकों की बड़ी भूमिका है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा को आगे ले जाने का बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध कराते हैं। गढ़वाल और कुमायूं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बीएस राजपूत ने कहा कि बच्चों के लिए मौलिक चिंतन आवश्यक है।

राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने बताया कि इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों के लगभग 300 बाल विज्ञानी प्रतिभाग कर रहे हैं। इनका चयन जिला स्तर के 4500 प्रतिभागियों में से किया गया है। इनमें लगभग 70 प्रतिशत छात्राएं हैं।

बाल वैज्ञानिकों के शोधपत्रों का प्रस्तुतीकरण विशेषज्ञों के समक्ष किया जाएगा। यहां से चयनित विज्ञानी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभाग करेंगे।

## ओटीएस योजना में पिछड़ा विद्युत निगम, डेढ़ माह में 14 प्रतिशत वसूली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विद्युत निगम की तरफ से बकाया बिजली बिल वसूली के लिए चलाई जा रही एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के क्रियान्वयन में नोएडा जोन पिछड़ गया है। योजना का तीन चौथाई समय बीतने के बाद भी मात्र नौ प्रतिशत बकाया राशि प्राप्त हो पाई है।

विद्युत निगम बकाएदारों को जागरूक करने में पूरी तरह असफल रहा है। एक नवंबर से शुरू योजना में जिले में 1.44 लाख उपभोक्ता पंजीकृत थे। इन पर निगम का 478.81 करोड़ रुपये बकाया था, लेकिन दो चरण पूरा होने के बाद करीब 54,524 उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया है।

वहीं, करीब 72 करोड़ रुपये का बकाया राशि जमा हुई है। योजना तीन चरण में चलनी है। पहला 30 नवंबर व दूसरा चरण 15 दिसंबर को खत्म हो चुका है। अब तीसरा चरण 16 से 31 दिसंबर तक चलेगा।

अब ब्याज की राशि पर मिलने वाली छूट भी कम हो गई है। ऐसे में विद्युत निगम के सामने अब बकाया बिल वसूलना और मुश्किल होगा। योजना के तहत विद्युत निगम की तरफ से सरचार्ज पर छूट दी जा रही है। यह श्रेणीवार उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग है। इसके साथ ही इस बार विद्युत निगम ने पहली बार बिजली चोरी के जुर्माने में भी छूट दी है।

इसमें चोरी के मामलों के जुर्माने का एकमुश्त भुगतान करने पर छूट दी जा रही है। उसमें एकमुश्त और किस्त का भी विकल्प है, लेकिन 31 दिसंबर से पहले भुगतान करना होगा। बिजली चोरी के मामले में जिले में योजना के शुरू होने के पहले 13220 लोगों पर 95.93 करोड़ रुपये का जुर्माना बकाया था।

इसमें 80 प्रतिशत बकाया दादरी, जेवर व ग्रेटर नोएडा के ग्रामीण क्षेत्रों का है।

## किसानों ने भाजपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारतीय किसान परिषद ने आज अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में एक ज्ञापन भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि वह अपनी मांगों को लेकर पिछले काफी समय से नोएडा प्राधिकरण में लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन नोएडा प्राधिकरण उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

हमेशा नोएडा प्राधिकरण आश्वासन का लॉलीपॉप थमा देता है। अब किसान अपनी मांग लेकर नोएडा प्राधिकरण से हटेंगे।

उन्होंने मांग की है कि 10 फीसदी की दर से उन्हें भूखंड आवंटित किए जाएं तथा उनकी आबादी का दायरा 450 मीटर से बढ़कर 1000 मी किया जाए तथा आबादी जैसी है जहां है कि आधार पर छोड़ी जाए इसके अलावा गांव में किसानों को अपने भूखंडों मे वाणिज्य गतिविधियां करने की अनुमति दी जाए तोड़ा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनकी मांगों को लेकर पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कह चुके हैं तथा अब फिर मुख्यमंत्री तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से उनकी मांगों को उपभोक्ता से रखेंगे तथा उन्हें समुचित न्याय दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

## पुलिस मुठभेड में अंतर्राज्यीय लुटेरे के पैर में लगी गोली

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**


ग्रेटर नोएडा की जारचा थाना पुलिस और एक अंतर्राज्यीय लुटेरे में भिड़ंत हो गई। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी के बाद लुटेरा पुलिस की गोली लगने से बेसुध हो गया। पैर में गोली लगने से घायल हुए बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भीं कराया गया है। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ यूपी और मध्य प्रदेश के कई थानों में 32 मुकदमें दर्ज हैं।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर शाम ग्रेटर नोएडा की थाना जारचा पुलिस द्वारा ग्राम मुठयानी से सलारपुर नहर पर थानाध्यक्ष जारचा अपनी पुलिस टीम के साथ चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम का एक शातिर बदमाश से सामना हो गया।



शातिर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग झोंक दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। पुलिस मुठभेड के उपरांत शातिर लुटेरा सोमीन पुत्र दीनू निवासी मौहल्ला मेवातियान कस्वा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर गया। लुटेरा पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया है। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

गिरफ्तार किए गए बदमाश के कब्जे से 1 पिस्टल, 3 कारतूस, 1 मोटर साइकिल बरामद हुई है। बदमाश सोमीन के विरूद्ध लूट, हत्या, डकैती, गैंगस्टर एक्ट जैसे जघन्य अपराधों के करीब तीन दर्जन मुकदमे यूपी और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

## हिम महोत्सव

प्रदेश अपनी ब्रांडिंग का हुनर तराशने के लिए दिल्ली में हिम महोत्सव की पलकें बिछा रहा है। देश की राजधानी में आज से तीस दिसंबर तक यह महोत्सव 'कल्चर, क्राफ्ट और कुजीन के साथ मुखातिब होगा। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कला, कलाकार और खान-पान की अपनी विशिष्टता के साथ हिमाचल अपनी ब्रांडिंग के ऐसे अवसर जोड़ रहा है ताकि प्रदेश का कलात्मक पक्ष, व्यापार और बाजार की भीड़ में संभावनाएं तराश सके। स्वयं सहायता समूह, हथकरघा व हस्तशिल्प के नमूनों के साथ प्रदेश का परिचय रखेंगे। हिम महोत्सव के जरिए धाम के चटखारे कांगड़ा, चंबा और मंडी की रसोई परोसेंगे, तो उत्सव की व्यंजना सामने आएगी। जाहिर है कई विभागों की खिचड़ी में यह उत्सव अपनी सार्थकता के मायने तराशेगा, तो सुकून की इबारत में हिमाचल के उत्पादों को पेश करने का मौका मिलेगा। हिमाचल के पारंपरिक उत्पादों पर आधारित कई प्रयास महिलाओं के जरिए हो रहे हैं, जबकि कुछ युवा भी स्टार्ट अप के जरिए ऐसे उत्पादों को रेखांकित कर रहे हैं। हिमाचल में खंड स्तर पर कुछ अधिकारियों ने न केवल स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा मार्केटिंग का रास्ता खोजा, बल्कि प्रशासनिक दखल से इन्हें बाजार में खड़ा भी किया, लेकिन ऐसे प्रयासों में निरंतरता की कमी रही है या अधिकारी के बदलते सारी प्रक्रिया धड़ाम हो जाती है। करीब पांच साल पहले धर्मशाला के एक युवा खंड विकास अधिकारी ने स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग का बीड़ा उठाया तो 'नमस्ते धर्मशाला' के तहत शहद, हल्दी, चावल जैसे अनेक उत्पाद किसान बागबान से युवा उद्यमियों तक प्रोत्साहित होने लगे। इसी प्रयास में पर्यटन के टूअर खेत और स्थानीय संस्कृति के आंगन तक पहुंचे, तो गीत-संगीत के तंबू के नीचे धाम की थाली का कद ऊंचा हो गया, लेकिन अधिकारी बदलते ही इस योजना के पांव में मोच आ गई। सिरमौर में महिला हॉट बाजार के हस्तक्षेप से इस दिशा में एक प्रशंसनीय कार्य हुआ है। इसी तरह विभिन्न जिलों में कई स्वयं सहायता समूहों ने ठेठ पहाड़ी उत्पादों से जुड़ी कला तथा स्वाद को संरक्षित तथा बाजार तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। लोग अपने तौर पर ऐसी खेती और बागबानी कर रहे हैं जिस तक न पालमपुर और न ही नौणी विश्वविद्यालय पहुंच पाए हैं। कांगड़ा के एक किसान के इस बार अपने ही अध्ययन, अनुभव व खर्च पर काले चावल उगा दिए, तो इसी तरह बागबानी क्षेत्र में फलों की पौध बदली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ मौखिक क्रांतियां लोगों के अपने हस्तक्षेप से रंग ला रही हैं। बेशक हिमोत्सव में हिमाचल की परंपराएं, खेती के तरीके, पहरावों के पैटर्न, गीत-संगीत और नृत्य की परिभाषा सुदृढ़ होगी, लेकिन ऐसा बहुत है जिसे जीवित रखने की जरूरत है। हमने अपनी पारंपरिक खेती में रासायनिक खाद व अंधाधुंध छिडक़ाव से बहुत कुछ खो दिया है, लेकिन चटनी-आचार के साथ खेत व बाग का रिश्ता कायम है। आज भी बिलासपुर का जिमीकंद, नादौन-ऊना की घंडियाली, करसोग के राजमाह, भरमौर के माह, लाहुल-स्पीति के ब्राउन राइस या कांगड़ा के चावल की मांग को खेत पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इस दौरान कई ग्रामीण उत्पादों की किस्में हमने खो दीं तो इसलिए कि इन्हें विभागीय व बाजार का संरक्षण नहीं मिला या मार्केटिंग के टूल्ज ब्रांड हिमाचल नहीं बना पाए। प्रदेश का शहद कुछ कंपनियों का ब्रांड बनकर तो अच्छी कीमत वसूल रहा है, लेकिन हिमाचली उत्पाद बन कर इसकी औकात आज तक नहीं बन पाई। नि:संदेह ऊना की कंपनी बीडीएम ने ब्रांड हिमाचल को अपने कृषि-बागबानी के उत्पादों के जरिए स्थापित किया, तो कुछ इसी तरह शाल, ऊनी वस्त्रों तथा ऐसे अनेक उत्पादों के मार्फत कुल्लू की सहकारी संस्था बुट्टिको ने हिमाचल को देश-विदेश में चर्चित किया। दिल्ली में हिम महोत्सव से यही उम्मीद है कि वहां ब्रांड हिमाचल का नाम उपभोक्ता के मन में अंकित हो जाए। यह प्रदर्शनी के चंद दिनों या घंटों की मजदूरी या लाभ-हानि नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिकी के एक प्रयास के रूप में चिन्हित होनी चाहिए, ताकि बड़े ब्रांड की तरह हिमाचल के उत्पाद ग्रामीण संस्कृति, कला, कृषि व बागबानी का सशक्त चेहरा बन जाएं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि और जब किसी की विपत्ति देखते हैं, तब ऐसे सुखी होते हैं मानो जगतभर के राजा हो गए हों। वे स्वार्थपरायण, परिवार वालों के विरोधी, काम और लोभ के कारण लंपट और अत्यंत क्रोधी होते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**मातु पिता गुर बिप्र न मानहिं। आपु गए अरु घालहिं आनहिं॥**
**करहिं मोह बस द्रोह परावा। संत संग हरि कथा न भावा॥**

वे माता, पिता, गुरु और ब्राह्मण किसी को नहीं मानते। आप तो नष्ट हुए ही रहते हैं, (साथ ही अपने संग से) दूसरों को भी नष्ट करते हैं। मोहवश दूसरों से द्रोह करते हैं। उन्हें न संतों का संग अच्छा लगता है, न भगवान की कथा ही सुहाती है॥

**अवगुन सिंधु मंदमति कामी। बेद बिदूषक परधन स्वामी॥**
**बिप्र द्रोह पर द्रोह बिसेषा। दंभ कपट जियँ धरें सुबेषा॥**

वे अवगुणों के समुद्र, मन्दबुद्धि, कामी (रागयुक्त), वेदों के निंदक और जबर्दस्ती पराए धन के स्वामी (लूटने वाले) होते हैं। वे दूसरों से द्रोह तो करते ही हैं, परंतु ब्राह्मण द्रोह विशेषता से करते हैं। उनके हृदय में दम्भ और कपट भरा रहता है, परंतु वे ऊपर से सुंदर वेष धारण किए रहते हैं॥

**दो0-ऐसे अधम मनुज खल कृतजुग त्रेताँ नाहिं।**
**द्वापर कछुक बृंद बहु होइहहिं कलिजुग माहिं॥**

ऐसे नीच और दुष्ट मनुष्य सत्ययुग और त्रेता में नहीं होते। द्वापर में थोड़े से होंगे और कलियुग में तो इनके झुंड के झुंड होंगे॥

**पर हित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई॥**
**निर्नय सकल पुरान बेद कर। कहेउँ तात जानहिं कोबिद नर॥**

हे भाई! दूसरों की भलाई के समान कोई धर्म नहीं है और दूसरों को दु:ख पहुँचाने के समान कोई नीचता (पाप) नहीं है। हे तात! समस्त पुराणों और वेदों का यह निर्णय (निश्चित सिद्धांत) मैंने तुमसे कहा है, इस बात को पण्डित लोग जानते हैं॥

**नर सरीर धरि जे पर पीरा। करहिं ते सहहिं महा भव भीरा॥**
**लकरहिं मोह बस नर अघ नाना। स्वारथ रत परलोक नसाना॥**

मनुष्य का शरीर धारण करके जो लोग दूसरों को दु:ख पहुँचाते हैं, उनको जन्म-मृत्यु के महान संकट सहने पड़ते हैं। मनुष्य मोहवश स्वार्थपरायण होकर अनेकों पाप करते हैं, इसी से उनका परलोक नष्ट हुआ रहता है॥

(क्रमश:...)

# लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार बनेगा सबसे बड़ा मुद्दा

इन दिनों सोशल मीडिया पर नोटों से भरी अलमारियों की कुछ तस्वीरों खूब वायरल हो रही हैं, जिनका संबंध कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू से है। धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की खबरें सुर्खियों में रहीं। ये छापेमारी झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर हुईं। आयकर विभाग की इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। साहू के ठिकानों में मिले बेहिसाब धनराशि ने फिर से एक बार देश में भ्रष्टाचार और कालेधन को लेकर बहस छेड दी है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगातार तंज कस रही है। राजनीति से इतर ये प्रकरण एक गंभीर मामला है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐलान-ए-जंग कर 2024 से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। इस तरह उन्होंने लोकसभा चुनाव का एजेंडा और टोन को भी सेट कर दिया है।

याद कीजिए पीएम मोदी ने कहा था कि, न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तकरीबन हर चुनावी रैली में पीएम भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठाते थे। कभी महादेव ऐप घोटाला तो कभी खनन घोटाला, कभी लाल डायरी में दर्ज काले कारनामे तो कभी भर्तियों में धांधली और पेपर लीक...।

राजस्थान की ऐसी ही एक रैली में पीएम मोदी ने लाल किले से दिए अपने भाषण की बातों को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण देश के 3 बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इन तीनों की ही प्रतीक है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कांकेर की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी कि भ्रष्टाचारियों ने जो कुछ भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं गारंटी देता हूं, मैं छत्तीसगढ़ के



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी।**

युवाओं से कहता हूं- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले चाहे कोई भी हों, चाहे कितने भी ताकतवर हों, उन्हें सब कुछ लौटाना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जून को पटना में विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के बाद भी भोपाल में एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली थीं। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी उस समय प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था।

बीती 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पूरा देश देख रहा है और समझ भी रहा है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस ल ?ाई से पीछे नहीं हटेगी। भले ही उनके विरोधी उनके खिलाफ कितना भी बड़ा गठबंधन बना लें, कार्रवाई नहीं रुकेगी।

भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार का प्रहार लगातार जारी है। केंद्र की तरफ से संसद में रखी गई जानकारी में भी ये बात सामने आई है। सरकार ने संसद को बताया है कि जुलाई 2014 से दिसम्बर 2020 तक यानी बीते छह साल में 340 बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार, अनियमितता या फिर अक्षमता के चलते जबरन रिटायर किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है विपक्ष के कई नेता आज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया। निश्चित तौर पर राज्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही भारत की यह स्थिति बनी है। विशेषकर विपक्षी दलों की सत्ता वाले राज्यों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह विपक्षी दलों के लिए कभी भी चिंता का विषय नहीं बना।

भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों को विपक्ष बदले की राजनीति करार देता है। लेकिन हालिया चुनाव नतीजों से उत्साहित केंद्र सरकार इन आरोपों से दबाव में आने वाली नहीं है, ये प्रधानमंत्री मोदी ने भी साफ कर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी को जनता का साथ मिल रहा है। इस तरह उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को बड़ा मुद्दा बनाकर भुनाने के संकेत दे दिए हैं। यह निश्चित है कि जब तक विपक्षी दल भ्रष्टाचार सहित राष्ट्रहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण साफ नहीं करेंगे तब तक एकता होने के बावजूद देश के लोगों का भरोसा जीतना आसान नहीं है। भाजपा विपक्षी दलों को लगातार निशाने पर लेती रहेगी और इस बार लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार के मुद्दे की गूंज जोर शोर से सुनाई देगी।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# शून्य की ओर जाता दिख रहा है बसपा का दलित मूवमेंट आंदोलन

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने जैसे ही अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, उसके तुरंत बाद मायावती पर भी वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगने लगा है। उनसे पूछा जा रहा है कि मान्यवर कांशीराम के साथ दलित मूवमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बसपा नेताओं को बहन जी ने क्या इसी दिन के लिए बाहर का रास्ता दिखाया था, ताकि उनके भतीजे के लिए राजनीति का रास्ता सुगम हो सके? हाल ही में मायावती ने अपने सांसद दानिश अली को भी पार्टी से निलंबित कर दिया है, जो इस समय काफी तेजी के साथ बसपा में अपनी पकड़ बना रहे थे। यह और बात है कि इतना सब होने के बाद भी मायावती ने सार्वजनिक मंच से उत्तराधिकारी घोषित करने की पार्टी की परंपरा को कायम रखा। करीब ढाई दशक पहले मान्यवर कांशीराम ने भी इसी तरह मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने भी लखनऊ में एक सभा में मंच से इसका ऐलान किया था। उस समय खासी राजनीतिक हलचल मची थी। कांशीराम के फैसले पर सवाल उठाए गए थे। लेकिन, कांशीराम ने मायावती की प्रतिभा का आकलन करने के बाद उन्हें यह पद देने का ऐलान किया था।

इस घोषणा के करीब 6 साल बाद वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश में मायावती पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब हुई थीं, लेकिन मायावती के फैसले ने यूपी की सियासी गर्मी को बढ़ा दिया है। क्योंकि उन्होंने बसपा के किसी नंबर दो के दमदार नेता की बजाय भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना ज्यादा उचित समझा। यही परंपरा मान्यवर कांशीराम निभाते तो आज मायावती बसपा सुप्रीमो नहीं हो पातीं बल्कि उनकी जगह कांशीराम के परिवार का कोई सदस्य इस कुर्सी पर बैठा होता और हो सकता है वही उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री भी होता। हालांकि, मायावती ने बसपा में उत्तराधिकारी घोषित करने की जो पुरानी परंपरा पुरानी है, उसे जीवित जरूर रखा, लेकिन मायावती और मान्यवर कांशीराम के फैसले में जमीन आसमान का अंतर है। यदि ऐसा ना होता तो आज मायावती के भतीजे की जगह कोई और नेता मायावती की सियासी विरासत का उत्तराधिकारी होता। अभी तक मायावती के भतीजे आकाश आनंद सियासत में कुछ ऐसा नहीं कर पाए हैं, जिसके आधार पर उनकी राजनीतिक कुशलता का एहसास किसी को हुआ हो।

गौरतलब है कि मायावती को मान्यवर कांशीराम जब राजनीति में लाए थे तो उसे समय



वह आईएएस की तैयारी कर रहीं थीं। उसी दौरान दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में मायावती को बड़े नेताओं के बीच बोलने का मौका मिला। उन्होंने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राज नारायण पर हमला बोला। राजनारायण दलितों को हरिजन कहकर संबोधित कर रहे थे। मायावती ने कहा कि आप हमें हरिजन कहकर अपमानित कर रहे हैं। कांशीराम ने जब यह बात सुनी तो वह मायावती के घर पहुंच गए। कांशीराम ने आईएएस बनने की बजाय राजनीति में आने के लिए मायावती को प्रेरित किया। कांशीराम ने मायावती को समझाया कि अगर वह राजनीति में सफल हो जाती हैं तो दर्जनों आईएएस अधिकारी उनके नीचे काम करेंगे। मायावती दलितों के उत्थान के लिए चल रहे संघर्ष के दौर में कांशीराम के साथ जुड़ीं थीं। मायावती 1984 में बसपा का गठन होने के बाद उसमें शामिल हुईं और उसी साल पहला लोकसभा चुनाव कैराना से लड़ा। पहली बार 1989 में वह सांसद बनीं। इसके बाद वह चार बार यूपी की मुख्यमंत्री भी रहीं।

मान्यवर कांशीराम ने 15 दिसंबर 2001 को मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लखनऊ में एक सभा में कांशीराम ने कहा कि मैं काफी समय से यूपी कम आ पा रहा हूं। लेकिन खुशी की बात यह है कि मेरी इस गैरहाजिरी को कुमारी मायावती ने मुझे महसूस नहीं होने दिया। यह कहकर उन्होंने मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। यह ऐसा वक्त था, जब पार्टी संघर्ष के दौर से गुजर रही थी और 2002 के विधानसभा चुनाव होने वाले थे। कांशीराम के निर्णय से पार्टी के उन नेताओं को झटका लगा था, जिनको मायावती ने पार्टी से बाहर किया गया था। आरके चौधरी और बरखू राम वर्मा पार्टी में यह संदेश दे रहे थे कि मायावती के साथ उनके मतभेदों के बावजूद अब भी वे कांशीराम के पसंदीदा हैं। मायावती ने उत्तराधिकारी घोषित करने की उस परंपरा को तो आगे बढ़ाया है, लेकिन एक बड़ा अंतर भी है। कांशीराम ने अपने परिवार के किसी सदस्य को आगे नहीं बढ़ाकर एक मिसाल पेश की थी, जबकि मायावती ने अपने सगे भतीजे को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी जानकारों का कहना कि अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और दलितों में लोकप्रिय हो रहे चंद्रशेखर युवा चेहरे के तौर पर आते हैं। ऐसे में मायावती ने उनके मुकाबले सबसे युवा चेहरे 28 साल के आकाश को उत्तराधिकारी बनाया है। युवाओं में पकड़ बनाकर वह पार्टी को आगे बढ़ा सकते हैं।

खैर, उत्तराधिकारी बनने के बाद आकाश के सामने कई चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि मायावती जिस तरह कठिन परिस्थितियों से

**मायावती के फैसले ने यूपी की सियासी गर्मी को बढ़ा दिया है। क्योंकि उन्होंने बसपा के किसी नंबर दो के दमदार नेता की बजाय भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना ज्यादा उचित समझा। यही परंपरा मान्यवर कांशीराम निभाते तो आज मायावती बसपा सुप्रीमो नहीं हो पातीं।**

पार्टी को निकालकर लाई थीं, क्या वह ऐसा करिश्मा कर पाएंगे? यह वह दौर है जब बड़े-बड़े दिग्गज देता प्रधानमंत्री मोदी की शख्सियत के सामने पानी भर रहे हैं। जातिवाद की राजनीति उतार पर है। ऐसे में युवाओं को जोड़ने के साथ वरिष्ठों के साथ तालमेल बैठाकर कैसे पार्टी को आगे ले जाएंगे? पार्टी ने उनको लगातार बड़ी जिम्मेदारियां दीं, लेकिन अब तक वह कुछ खास चमत्कार नहीं कर पाए हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें देश भर में संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। बेहतर नतीजों के जरिए उत्तराधिकार की जिम्मेदारी पर उन्हें खरा उतरना होगा। अगर वे संगठन पर पकड़ बनाने में मजबूत हुए तो उन्हें भी मायावती की तरह बड़ी सफलता मिल सकती है, मगर समस्या यह भी है कि मायावती इस समय अपनी सियासत के बहुत-बुरे दौर से गुजर रही हैं। उनकी दलित सियासत उतार पर है।

**-अजय कुमार**


## राशिफल

मार्गशीर्ष शुक्ल-पंचांग


(विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्य साथ देगा, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा, स्वास्थ्य में सुधार होगा एवं संतान की स्थिति अच्छी रहेगी।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
परिस्थितियां प्रतिकूल रहेगी, किसी परेशानी में पड़ सकते हैं, स्वास्थ्य मध्यम एवं संतान अच्छा।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा, संतान की स्थिति अच्छी रहेगी, व्यापार भी अच्छा रहेगा।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। गूढ़ ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मानसिक चंचलता बनी रहेगी, चंचलता में थोड़ा नियंत्रण रखें। पढ़ने लिखने में समय व्यतीत करें।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी, मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें, आपका स्वास्थ्य अच्छा चल रहा है।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक सफलता मिलेगी, ऊर्जावान बने रहेंगे, स्वास्थ्य एवं प्रेम संतान अच्छा।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कुटुंबों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, प्रेम संतान अच्छा रहेगा, व्यापार भी अच्छा रहेगा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा, प्रेम संतान की स्थिति अच्छी होगी।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा, मन व्याकुल रहेगा, अज्ञात भय सताएगा, स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम संतान अच्छा है, व्यापार भी अच्छा है।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, यात्रा में लाभ होगा, संपन्नता बढ़ेगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगा, उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा, स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

# इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से जुड़ेगी नोएडा मेट्रो

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण अब एक और खास तोहफा नोएडावासियों के लिए लेकर आया है। नोएडा प्राधिकरण की कंपनी नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन नोएडा को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जाने की योजना पर एक बड़ा काम कर रही है। जल्दी ही इस योजना धरातल पर दिखाई देने लगेगी। दरअसल, नोएडा रेल मेट्रो कॉरपोरेशन, नोएडा मेट्रो को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने जा रहा है। इसकी डीपीआर को नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड की बैठक में रखी जाएगी।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा में बन रहे जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली में स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए जहां पहले से ही कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अब नोएडा रेल मेट्रो कॉरपोरेशन ने भी इस मामले में कदम आगे बढ़ाया है। नोएडा मेट्रो को अब इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ा जाएगा। इस काम के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को संशोधित डीपीआर तैयार करने पर आने वाले खर्च का 20 लाख रुपये का भुगतान कर चुका है। इससे एक्वा मेट्रो की 11.56 किलोमीटर लंबी लिंक लाइन तैयार रास्ता पूरी तरह से अब साफ हो चुका है। इस लाइन के निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह रूट पांच साल में बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे रोजाना करीब 1.25 लाख से अधिक लोग इस लिंक लाइन का फायदा उठा सकेंगे।



जैसा कि आप जानते हैं कि बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन मजेंटा लाइन और ब्लू लाइन का जंक्शन है। यहां से दोनों मेट्रो की सवारी इंटरचेंज के जरिये दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट लाइन को जोड़ता है। एक्वा लाइन का नया लिंक बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक जाएगा।

यहीं एक्वा लाइन आगे नालेज पार्क-2 को जोड़ती है, जिससे नोएडा एयरपोर्ट के लिए लिंग बनेगा। ऐसे में मुसाफिर सीधे एयरपोर्ट आ जा सकेंगे। इस रूट के संचालन के साथ बाटेनिकल गार्डन मेट्रो नोएडा, ग्रेटर नोएडा का सबसे बड़ा इंटरचेंज हो जाएगा।

यहां से दिल्ली के द्वारका से नोएडा के सेक्टर-62 तक चलने वाली ब्लू लाइन और बाटेनिकल गार्डन से जनकपुरी तक जाने वाली मजेंटा लाइन है। नया लिंक बनने से दोनों लाइनों के यात्री, जिनको नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के किनारे बसे सेक्टर, आफिस या ग्रेटर नोएडा जाना है। अधिक से अधिक लोग इस लाइन का प्रयोग करेंगे।

नोएडा मेट्रो को बोटेनिकल गार्डन से जोड़ने के लिए कुल आठ नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें बाटेनिकल गार्डन, सेक्टर-44, प्रशासनिक कार्यालय नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-97, सेक्टर-105, सेक्टर-108, सेक्टर-93, पंचशील बालक इंटर कालेज नए स्टेशन होंगे। कारिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा जो कि पहले ही बनकर तैयार है।

यह कारिडोर नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के बाये ओर से जाएगा। दाये सेक्टरों को जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाया जाएगा। यह नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर बनेंगे जो सीधे मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एक्जिट प्वाइंट पर आकर जुड़ जाएंगे।

नोएडा रेल मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी डॉ. लोकेश एम के अनुसार, माह के अंत में बोर्ड बैठक आयोजित होने जा रही है, इसमें एक्वा मेट्रो की लिंक लाइन की संशोधित डीपीआर का प्रस्ताव शामिल होने जा रहा है। इसको तैयार करने का भुगतान डीएमआरसी को कर दिया गया है। जल्द ही परियोजना को पूरा करने का काम शुरू होगा।

# ट्रक चालक की घर में घुसकर कर दी हत्या, आरोपी फरार

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अपराध का ग्राफ काफी बढ़ा हुआ है। आएदिन कोई न कोई हत्या की घटना सामने आती रहती है। इसी अपराध के क्रम में ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के संतोष नगर में ट्रक चालक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोपी मौके से फरार हो गया। ट्रक चालक की हत्या के बाद आसपास हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।




सूरजपुर थाना प्रभारी ने जांच पड़ताल के बाद जानकारी देते हुए बताया मृतक की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से संभल जिले का रहने वाला है और जिसकी उम्र 25 वर्ष है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस ट्रक चालक की हत्या आपसी रंजिश के कारण की गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद ऐसा प्रतीत होता है की रंजिश के चलते हत्या की गई है। इस हत्याकांड से पर्दा उठाने के लिए सूरजपुर थाना पुलिस की एक टीम बना दी गई है। टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। जल्दी ही संभल जिले के रहने वाले ट्रक चालक की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। और वे सलाखों के पीछे जल्दी ही पहुंचा दिये जाएंगे। टीम लगातार इस हत्याकांड से पर्दा उठाने का प्रयास कर रही है।

## शराब के नशे में पॉश सोसाइटी में जमकर मचाया उत्पात

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शराब का नशा जब सिर चढ़ता है तो वह आगे पीछे कुछ नहीं सोचने देता है। इंसान अच्छा बुरा कुछ भी नहीं सोचता है। ऐसी ही एक घटना ग्रेटर नोएडा वेस्ट की समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू सोसाइटी में घटित हुई जहां एक फ्लैट में किराए पर रह रहे युवकों ने शुक्रवार देर रात शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। परिसर व अपने फ्लोर पर जमकर गाली गलौज की। सिक्योरिटी सुपरवाइजर के टोकने पर युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। बिसरख कोतवाली पुलिस ने तहरीर मिलने पर जांच शुरू कर दी है। शराब के नशे में कुछ युवकों ने समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू सोसाइटी में उत्पात मचाना शुरू कर दिया। वे आपस में जोर जोर से आवाजें निकालते हुए गाली गलौज कर रहे थे। हल्ला गुल्ला होते सुनकर उन्हें रोकने के लिए मौके पर सोसाइटी का सिक्योरिटी सुपरवाइजर पहुंच गया। सुपरवाइजर ने युवकों को समझाने का प्रयास किया। उसके बाद वहां पर शराब के नशे में उत्पात मचा रहे युवकों ने उन्हें लाठी और थप्पड़ से जमकर पीटा। यहां तक की सुपरवाइजर के मुंह में शराब की बोतल तक घुसा दी। मारपीट की सूचना मिलने पर सोसाइटी के लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

## बच्चों में स्क्रब टाइफस बीमारी पर शोध की तैयारी

**नोएडा।** बच्चों में स्क्रब टाइफस बीमारी पर बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान शोध करेगा। इससे बीमारी से संबंधित कई नए पहलू सामने आ सकते हैं। इसके लिए बाल चिकित्सालय प्रबंधन और देश के अन्य विशेषज्ञों ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। माइक्रोबायलॉजी विभाग ने पुराने मरीजों के इलाज से संबंधित आंकड़ें निकालने शुरू कर दिए हैं। शोध के लिए माइक्रोबायलॉजी विभाग को 400 जांच किट मिल चुकी है। पुराने मरीजों के साथ ही इन जांच किट से पॉजिटिव मरीजों को भी शोध में शामिल किया जाएगा। जिले में प्रत्येक साल इस बीमारी से पीड़ित होने वाले मरीजों की संख्या 20 से ज्यादा है। बाल चिकित्सालय के माइक्रोबायलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. सुमी नंदवानी ने बताया कि स्क्रब टाइफस बीमारी पर शोध में पहले के मुकाबले मरीजों की संख्या कम हुई या बढ़ी, मरीज को स्वस्थ होने में किन-किन दवाओं का योगदान, एंटीबायोटिक दवा की इलाज में उपयोगिता, इलाज में कितना समय लगा, लक्षण या इसमें बदलाव, सहित कई पहलुओं को शोध में शामिल किया जाएगा। शोध से संबंधित पुराने मरीजों से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी इकट्ठी करनी शुरू कर दी गई है। एलाइजा किट से जांच में पुष्टि वाले मरीजों को इसमें शामिल किया जाएगा। ये स्क्रब टाइफस से पीड़ित पहले के मरीज हैं। भविष्य में मोलेकुलर टेस्ट से पुष्टि हुए मरीजों को भी रखा जाएगा। ताकि शोध में और भी सटीक परिणाम आए। बच्चों में डेंगू बीमारी के प्रभाव पर पहले से ही शोध चल रहा है। जनवरी तक इसके परिणाम आने की उम्मीद है। मरीजों के लक्षण में बदलाव, इलाज का समय, दवाओं का प्रभाव, बीमारी की गंभीरता सहित कई पहलुओं पर शोध चल रहा है। इस शोध के बाद भी कई महत्वपूर्ण परिणाम निकलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## तीन लोगों ने की खुदकुशी

**नोएडा।** शहर में अलग-अलग स्थान पर नवविवाहित समेत तीन लोगों ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी ने बताया कि वाजिदपुर गांव निवासी मोहित चौहान की शादी 23 वर्षीय आंचल चौहान से डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। आंचल चौहान ने शुक्रवार को अपनी ससुराल में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसकी छह माह की बच्ची है। वह लंबे समय से तनाव में थी। इस मामले में महिला के परिजनों ने अभी तक संबंधित थाने में शिकायत नहीं की है। इसके अलावा सेक्टर-11 स्थित झुंडपुरा गांव निवासी 31 वर्षीय मुरारी ने शुक्रवार रात को घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। साथ ही, सेक्टर-22 के चौड़ा गांव निवासी 40 वर्षीय विनोद कुमार ने भी घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की मामले में मृतकों के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## फिर चलेगा लाभार्थियों के लिए 'विशेष पंजीकरण अभियान'

**नोएडा।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत एक बार फिर विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। इस बार यह अभियान 18 से 22 दिसम्बर तक चलेगा। इस संबंध में शासन से दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

योजना के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) केन्द्र सरकार एवं उप्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत गर्भवती एवं धात्री माताओं को प्रथम सन्तान एवं द्वितीय सन्तान (लड़की) होने पर लाभ दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम बार गर्भवती एवं धात्री महिलाएं एवं द्वितीय बार बालिका को जन्म देने वाली महिलाओं का अंकन मंत्रा एवं ई कवच ऐप में किया जाता है। उन्होंने बताया- अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को पंजीकरण के लिए प्रेरित करने के लिए प्रचार गतिविधियां- नुक्कड़ नाटक, दीवार पेंटिंग, घर-घर अभियान, क्षेत्रीय स्तर पर सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश शासन से मिले हैं।

उन्होंने बताया सबसे पहले यह अभियान 29 नवम्बर और एक दिसम्बर को चलाया गया, फिर इसकी अवधि आठ दिसम्बर तक बढ़ा दी गई थी। डा. ललित ने बताया कि ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) को, ब्लॉक में कार्यरत प्रत्येक आशा कार्यकर्ता को पंजीकरण कराने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इस गतिविधि में डिस्ट्रिक्ट कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (डीसीपीएम) अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

जिला कार्यक्रम सहायक अदिति करण ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लाभार्थी को पहली बार गर्भवती होने पर दो किस्तों में पांच हजार रुपये दिये जाते हैं। प्रथम किस्त (तीन हजार रुपये) प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर और दूसरी किस्त (दो हजार रुपये) बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने, बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर मिलेगी। बच्चे का जन्म होने के 270 दिन तक योजना का लाभ लिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि दूसरा बच्चा लड़की होने पर छह हजार एक मुश्त रुपये दिये जाते हैं। इसका पंजीकरण प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर किया जाएगा। यह राशि बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए है। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की जाती है।

## एनईए चुनाव का ऐलान, 20 जनवरी को होगा मतदान

### पहली बार चुनाव लड़ने वालों के लिए की गई फीस में कमी

**नोएडा।** एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा का आयोजन शनिवार को एन ई ए सभागार में किया गया। जिसमे गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष विपिन मल्हन ने इस अवसर पर उपस्थित सभी उद्यमी सदस्यों का धन्यवाद दिया। इस बार चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए चुनावी फीस में काफी कमी की गई है ,ताकि अधिकांश से अधिकांश प्रत्याशी चुनाव लड़ सकें। एजीएम में सर्व सम्मति से चुनाव की तिथि का ऐलान किया गया । आगामी 20 जनवरी को होंगे एनईए के चुनाव। इस अवसर पर विपिन मल्हन ने चुनाव की फीस में भारी कमी का ऐलान किया।

जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। विपिन मल्हन ने कहा कि फीस में कमी का मकसद चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग चुनाव में भाग ले। जहां पूर्व में पदाधिकारियों चुनाव में फीस 11 हजार थी, वही इसे घटाकर 2100 रुपए कर दिया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव की फीस भी 5 हजार से घटाकर 1100/- कर दिया है।

वहीं चुनाव के फॉर्म की फीस घटाकर 100/- कर दी गयी है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी के सदस्य एवं भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री सात हजार विद्यार्थियों को डिग्री देंगे

### गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 24 दिसंबर को आयोजित होगा दीक्षांत समारोह

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में शनिवार को समारोह का आयोजन हुआ। इसमें विश्वविद्यालय ने 24 दिसंबर को दीक्षांत समारोह का आयोजन करने की घोषणा की। इसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात हजार छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान करेंगे।

समारोह में प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने दीक्षांत समिति के लिए गठित समिति के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर, कला निष्णात एवं पीएचडी के 7000 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। यूजी, पीजी, एमफील और पीएचडी के विभिन्न विषयों में उत्तीर्ण हुए आठ छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति मेडल पदक से नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जीबीयू के वेबसाइट पर दिए गए दीक्षांत समारोह में पंजीयन करने के लिए एक ऑनलाइन लिंक जारी की गई है। इसके जरिए छात्र अपना पंजीकरण कर सकते हैं और समारोह से संबंधित सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार सिंह, आवासीय और औद्योगिक विकास आयुक्त ने विश्वविद्यालय का जायजा लिया। कुलपति प्रो. आरके सिन्हा ने उन्हें शैक्षिक तैयारियों के बारे में जानकारी दी। जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने प्रशासनिक तैयारियों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/यांत्रिक (समाडि)/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या M/C&W/08/2023-24, दिनांक 13-12-2023 के माध्यम से एक पैकेट सिस्टम पर आधारित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम:** वाराणसी डिवीजन के कोचिंग डिपो बनारस, छपरा बीएसबीएस और मऊ में एक (01) वर्ष की अवधि के लिये डी-3 शेड्यूल के दौरान योग्य पेशेवरों द्वारा एलएचबी कोचों के व्हील सेट के परीक्षण के लिये एडी करंट ऐरे (ईसीए) तकनीक द्वारा सतह दोष की खोज का आउटसोर्सिंग कार्य। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 44,44,834.56 (चौवालिस लाख चौवालिस हजार आठ सौ चौतीस एवं छप्पन पैसे मात्र), बिड सिक्योरिटी राशि: ₹ 88,900/- (अट्ठासी हजार नौ सौ मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य (प्राधिकार एसजीसीसी-वर्क्स, अप्रैल- 2022) (रेलवे बोर्ड द्वारा अपने पत्रांक 2022/सीई-1/सीटी/ जीसीसी-2022/पालिसी नयी दिल्ली दिनांक 27-04-2022 के माध्यम से जारी), कार्य की अवधि: कार्य पूर्ण करने की तिथि-स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 माह। वारंटी अवधि: इडी करंट टेस्टिंग रिपोर्ट जारी करने की तिथि से 06 माह तक।

- ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 15-01-2024 को समय 14:30 बजे।
- ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 15-01-2024 को समय 15:00 बजे।
- निविदाकार निविदा को दिनांक 15-01-2024 को समय 14:30 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें।

वमयाइ/समाडि/वाराणसी

मुजाधि/यॉंत्रिक-105

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जीएल बजाज में रोटरी ने लगाया रक्तदान शिविर



**ग्रेटर नोएडा।** जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली इंपीरियल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में छात्रों और शिक्षकों ने 130 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में कुल 150 लोगो ने पंजीकरण किया था जिसमे से 20 लोगो में हीमोग्लोबिन और वजन कम होने के कारण रक्त नहीं लिया गया।

संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान हैं एक यूनिट ब्लड से चार व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती हैं इसलिए इस मानव सेवा के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करें। जीएल बजाज ग्रुप की मैनेजिंग ट्रस्टी अंशु अग्रवाल ने इस जीवन-रक्षक कार्य में बहुमूल्य योगदान और सहयोगात्मक प्रयासों के लिए जीएल बजाज के रोटारैक्ट क्लब और रोटारैक्ट क्लब ऑफ दिल्ली इंपीरियल को विशेष धन्यवाद दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि रोटेरियन गगन श्रावगी के साथ रोटेरियन मनोज गुप्ता, रोटेरियन गगन, रोटेरियन राम चंद, रोटेरियन तरुण, प्रीति, अंशु, मोनिका, निकुंज आदि ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## 67वीं राज्य स्तरीय अंडर 17 हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# जीत और हार से ज्यादा खेल भावना महत्वपूर्ण : नेहा यादव



शिवपुरी

शिवपुरी की धरा पर विभिन्न संभागों से आए खिलाडियों और प्रशिक्षकों का स्वागत है, आप सभी खिलाड़ी अपना 100 फीसदी खेल के दौरान दें, जीत तो किसी एक ही होती है, लेकिन खेल भावना सभी खिलाडियों में होनी चाहिए। यहां से अच्छी यादें लेकर अपने जिले में वापस लौटें जो आजीवन अमिट रहें। यह बात 67 वी अंडर 17 राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने कहा कि शिवपुरी लगातार 25 वी बार राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। शिवपुरी का फिजीकल कॉलेज व मैदान ऐतिहासिक है और यहां से मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में यहां से प्रशिक्षित होने वाले खिलाड़ी व प्रशिक्षक नाम रोशन कर रहे हैं। खेल जीवन में अनुशासन सिखाता है जो आजीवन काम आता है इसलिए खेल भावना के साथ प्रदर्शन करें और अपने जिले, संभाग का नाम रोशन करें।

### खेल हमें सहयोग और एकजुटता सिखाता है

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा ने कहा कि खेल हमें सहयोग व एकजुटता सिखाता है, हार-जीत तो खेल का अंग है, पर खेल भावना का होना प्रमुख है। इस तरह की प्रतियोगिताएं कई क्षेत्रों से आए खिलाडियों को एक स्थान पर एकत्रित होने और एक-दूसरे से सीखने का मौका प्रदान करती हैं। जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने स्वागत भाषण के माध्यम से अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर, गिरीश मिश्रा व हेमलता चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ करते हुए प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में फिजीकल कॉलेज के प्राचार्य जगदीश मकवाना ने आभार प्रकट किया।

## खेल परिसर में दो दिन में खिलाड़ी दिखाएंगे बैडमिंटन में अपना दम खम




शिवपुरी। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 16 दिसम्बर और 17 दिसम्बर को बैडमिंटन खेल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 35 वर्ष और उससे अधिक वर्ष के वरिष्ठ खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। बताना होगा कि जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे के निर्देशन में श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में बैडमिंटन खेल के कई खिलाड़ी प्रतिदिन प्रैक्टिस करने आते है इनमे युवा खिलाडियों के साथ-साथ वरिष्ठ खिलाड़ी भी सम्मिलित होते है। यह खिलाड़ी राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर भी खेलने जाते रहे है। खेल परिसर में ही आगामी दो दिवसों में ये खिलाड़ी बैडमिंटन की प्रतियोगिता में शिरकत होंगे और अपना दम खम दिखाएँगे। जिला खेल अधिकारी डॉ के के खरे ने बताया जिला खेल परिसर में सभी खेल की सुविधायें है जिनका उपयोग खिलाड़ी कर रहे है। इन खिलाड़ियों के खेल के स्तर को बढ़ाए जाने के लिए खेल विभाग लगातार खेल के आयोजन करता आ रहा है। इसी क्रम में बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता का आयोजन दो दिवस में करने जा रहे है। इस प्रतियोगिता में शिवपुरी के खिलाड़ियों के साथ-साथ गुना, दतिया, ग्वालियर, अशोकनगर के खिलाड़ी भी सम्मिलित हो रहे है, यह पहली बार है जब शिवपुरी के वरिष्ठ खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपने स्तर को सुधारेंगे। खेल परिसर में समस्त सुविधाएँ लाने का श्रेय मप्र शासन की पूर्व खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का है जिनके प्रयासों से खेल परिसर सभी सुविधायो से सुसज्जित है। प्रतिदिन सैकड़ो खिलाड़ी यहां आते है और खेल कुशलता पा रहे है वह दिन दूर नही जब शिवपुरी से खिलाड़ी ओलम्पिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंचल शिवपुरी का नाम रोशन करेंगें।

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट 2023-24

# हिमांशी ने प्रथम और अंबिका ने हासिल किया द्वितीय स्थान

भोपाल

एलएनसीटी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एलएनसीटी खेल विभाग के द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट 2023-24 का आयोजन एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के 8 विभागों के एग्रीकल्चर, बीकॉम, बीबीए, बीपीटी, बीटेक, एमबीए, बीपीईएस,एमपीईएस, नर्सिंग के लगभग 80 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओ में भाग लिया।



जिसमें 100 मीटर महिला वर्ग में बीपीईएस, की हिमांशी मांडवी ने प्रथम, एग्रीकल्चर की अंबिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की रेनू ने प्रथम, बीकॉम की शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की प्रिया ठाकुर ने प्रथम, एमपीईएस की रुक्मणी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की प्रिया ठाकुर ने प्रथम, नर्सिंग की नीलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की ज्योति शर्मा ने प्रथम, शीतल मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के सिद्धांत कुशवाह ने प्रथम, फिजियोथेरेपी के आकाश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के धर्मेंद्र पाटीदार ने प्रथम, बीबीए के तनवीर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के राहुल कुमार प्रथम, एमपीईएस के नीतेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के प्रदीप पटेल प्रथम, एमबीए के हिमांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 3000 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के आदित्य राजपूत ने प्रथम, एग्रीकल्चर के हर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में पुरुष वर्ग में नवनीत खरे ने प्रथम, प्रियम जोशी बीपीईएस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो पुरुष वर्ग में बीपीईएस के आकिब ने प्रथम,एमबीए के शुभम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जम्प पुरुष वर्ग में बीपीईएस के आकिब ने प्रथम, एग्रीकल्चर के आदित्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप पुरुष वर्ग में भी बीपीईएस के आकिब ने प्रथम, बीपीटी के शिवांग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डा अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, प्रो एन के थापक वाइस चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी,डा अशोक राय डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन,पंकज जैन स्पोर्टस डायरेक्टर एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## इंडियन प्रीमियर लीगः मुंबई इंडियंस के कप्तान होंगे हार्दिक



मुंबई। भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। वे MI को 5 खिताब दिला चुके रोहित शर्मा की जगह लेंगे। मुंबई इंडियन ने इसकी जानकारी प्रेस रिलीज जारी कर दी। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने रोहित शर्मा की भूमिका स्पष्ट नहीं की है। फ्रेंचाइजी ने 19 दिन पहले पंड्या को गुजरात टाइटंस के साथ 15 करोड़ रुपए में ट्रेड किया था। पंड्या के लिए दोनों फ्रेंचाइजी के बीच ऑल कैश डील हुई थी। तभी से पंड्या के कप्तान बनने के कयास लगाए जा रहे थे। फ्रेंचाइजी ने बयान जारी करते हुए कहा- ऑलराउंडर खिलाड़ी पंड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में कमान संभालने के लिए तैयार हैं। वे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले और सबसे सफल कप्तान रोहित शर्मा की जगह लेंगे। मुंबई की फ्रेंचाइजी ने कप्तानी के लिए रोहित शर्मा के बाद हार्दिक पंड्या पर भरोसा जताया है। पंड्या ने पहले ही सीजन में गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था। गुजरात की टीम 2022 के सीजन में चैंपियन बनी और 2023 में रनरअप रही। गुजरात टाइटंस ने पंड्या के जाने के बाद शुभमन गिल को कप्तान बनाया है।

## इंजरी की वजह से खेलने पर संशय, कृष्णा कर सकते हैं डेब्यू

# साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं मोहम्मद शमी



**वनडे और टेस्ट सीरीज का शेड्यूल**

| तारीख | मैच | जगह |
|---|---|---|
| 17 दिसंबर | पहला वनडे | जोहानिसबर्ग |
| 19 दिसंबर | दूसरा वनडे | जीक्यूबेरा |
| 21 दिसंबर | तीसरा वनडे | पार्ल |
| 26-30 दिसंबर | पहला टेस्ट | सेंचुरियन |
| 3-7 जनवरी (2024) | दूसरा टेस्ट | केप टाउन |

» टेस्ट टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान) और प्रसिद्ध कृष्णा।

एजेंसी ॥ नई दिल्ली

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलने पर संशय बना हुआ है। शमी एंकल इंजरी से जूझ रहे हैं और वो सीरीज से बाहर हो सकते हैं। 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 26 दिसंबर से खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा समेत खिलाड़ियों का आखिरी ग्रुप शुक्रवार (15 दिसंबर) को जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होना है, लेकिन 33 साल के तेज गेंदबाज शमी उनमें शामिल नहीं होंगे। अब तक इसे लेकर BCCI ने ऑफिशियल बयान जारी नहीं किया है। शमी बाहर होते हैं तो उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को डेब्यू का मौका मिल सकता है। रोहित शर्मा के साथ के स्टार बैटर विराट कोहली और उपकप्तान जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, नवदीप सैनी और हर्षित राणा रवाना होंगे। ये खिलाड़ी दुबई से साउथ अफ्रीका के लिए उड़ान भरेंगे। साउथ अफ्रीका के लिए 30 नवंबर को टीम इंडिया का ऐलान हुआ था। उसी समय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने स्पष्ट कर दिया था कि शमी का इलाज चल रहा था।

### एनगिडी और रबाडा भी अनफिट

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कगिसो रबाडा भी अनफिट हैं। दोनों पेसर्स चोट से जूझ रहे हैं। इन दोनों के खेलने पर भी संशय बना हुआ है। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या को पहले ही टीम में नहीं रखा गया, वो अब भी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं।

### साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है भारत

साउथ अफ्रीका में भारतीय टीम का टेस्ट प्रदर्शन खास नहीं रहा है। टीम इंडिया अब तक साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। टीम ने अफ्रीकी मैदानों पर अब तक 8 टेस्ट सीरीज खेली हैं। एक ही सीरीज ड्रॉ रही, जबकि 7 में भारत को हार का सामना करना पड़ा।

## बीएचईएल के ब्लॉक 1 दो रनों से तो ब्लॉक 6 एसटीएम सुपर फाइटर्स 26 रनों से जीता मैच



भोपाल

ऐबू कप के सातवें दिन 2 मैच खेले गए, पहला मैच ब्लॉक 1 अवेंजर एवं ब्लॉक 2 एलईएम रॉयल्स और दूसरा मैच ब्लॉक 6 एसटीएम सुपर फाइटर्स एवं ब्लॉक 1 एफपीएम राइडर्स के बीच खेले गए। ऐबू कप में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपाल मेला उत्सव समिति के संयोजक एवं अध्यक्ष युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुनील यादव मौजूद थे। मैच से पूर्व टीमों से परिचय प्राप्त किया एवं खेलने वाली टीमों को जीत की शुभकामनाएं दी। मंच से उन्होंने टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार देने की घोषणा भी की। ऐबू कप के संरक्षक रामनारायण गिरी, संयोजक विशाल वाणी एवं पदाधिकारियों एवं शाखा क्रिकेट क्लब के संयोजक एवं सभी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी आशीष सोनी ने बतायां कि पहले मैच का शुभारंभ श्री यादव ने किया।

# एलएनसीटी विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम नांदेड़ रवाना




भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में स्वामी रामानंद तीर्थ मराठावाड़ा नांदेड़ में 14 से 18 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता 2023-24 के लिए एलएनसीटी विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम घोषित कर दी गई।

### टीम इस प्रकार हैंः-

अक्षय सेलट (बीएससी एग्रीकल्चर), लक्ष्य प्रसाद (बीसीए), जटाशंकर यादव (बीपीईएस), भरत (बीपीईएस), अंकुर अशोक पाण्डेय (बीसीए), आरजू (बीपीईएस), अनिमेष शुक्ला (बी. कॉम), मनीष कौशिक (बीसीए), सुयश पाठक (बीसीए), निश्चय साहू (बीबीए), नरेन्द्र सिंह राठौर (बीपीईएस), अक्षत चौरसिया (बीसीए)।

टीम का कोच एलएनसीटी के निखिल हावडिया को नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को जय नारायण चौकसे कुलाधिपति यूनिवर्सिटी, डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल युनिवर्सिटी, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी युनिवर्सिटी,प्रो एन के थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, पंकज जैन स्पोर्ट्स ऑफिसर एलएनसीटी, ने शुभकामनाएं दी।

## 67 वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

### मैदान की तैयारियों को दिया अंतिम रुप, 10 संभागों के खिलाड़ियों का शिवपुरी आगमन शुरू



शिवपुरी। अंडर 17 बालक-बालिका वर्ग की 67 वी राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार की दोपहर 1 बजे फिजीकल कालेज के ग्राउंड पर होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 दिसम्बर तक चलेगी। प्रतियोगिता में ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर, रीवा, उज्जैन, नर्मदापुरम, शहडौल, व जनजातीय विकास संभाग सहित 10 संभागों के 160 बालक व 160 बालिका सहित कुल 320 खिलाड़ी खिताब के लिए दम खम दिखाएंगे। इस बड़ी प्रतियोगिता को लेकर गुरूवार को दिनभर खेल शिक्षक और ग्राउंड स्टाफ मैदान में लाइनिंग सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देते नजर आए। वहीं दोपहर बाद विभिन्न संभागों की टीमों का शिवपुरी पहुंचना शुरू हो गया जिन्हें बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से यातायात समिति के सदस्यों ने विशेष वाहनों से आवास स्थल तक पहुंचाया। जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बैमटे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तक सभी टीम शिवपुरी पहुंच जाएगी और दोपहर 1 बजे आमंत्रित अतिथियों व विभागीय व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें विभिन्न संभागों के बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ी रंग बिरंगी परिधानों में मार्च पास्ट करेंगे साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।





# कद्दू नहीं पसंद तो खाएं उसके बीज

कद्दू एक ऐसी सब्जी है जिसे खाना लोग कम पसंद करते हैं। हालांकिए खट्टे मीठे तरीके से बना कद्दू अच्छा लगता है। क्या आप जानते हैं कि कद्दू के बीज सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। वजन कम करने से लेकर पुरुषों में स्पर्म काउंट बढ़ाने तकए कद्दू के बीज रोजाना एक दवाई के तौर पर खा सकते हैं। यहां हम बता रहे हैं इसके कुछ गजब के फायदे।

## पुरुषों के लिए खास फायदेमंद

### इम्यूनिटी होगी बूस्ट

इन बीजों में विटामिन ई और जिंक होता है। ऐसे में ये इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। फ्री रेडिकल्स के कारण शरीर में होने वाले नुकसान से बचाते हैं। जिंक हमारे शरीर को सूजन, एलर्जी से बचाता है और आपके शरीर में इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

### डायबिटीज में उपयोगी

कद्दू के बीज मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। मैग्नीशियम ब्लड शुगर के लेवल को कम करने में मदद करता है जो डायबिटीज वाले लोगों के लिए फायदेमंद है।

### पुरुषों के लिए फायदे

कद्दू बीज पुरुषों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इन बीजों में जिंग की अच्छी मात्रा होती है। जिंक पुरुषों की फर्टिलिटी को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह टेस्टोस्टेरोन के लेवल और स्पर्म की गुणवत्ता और मात्रा को भी बढ़ाता है।

### वजन होगा कम

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो कद्दू के बीज खा सकते हैं। कद्दू के बीज में प्रोटीन और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है। ऐसे में जब आप इन्हें खाते हैं तो आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगती। ऐसे में आप कम खाना खाते हैं और फिर कैलोरी काउंट भी कम रहता है। इन बीजों को खाकर वजन कम करने में मदद मिलती है।

### हड्डियां होंगी मजबूत

कद्दू के बीज मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं मैग्नीशियम हड्डियों की ग्रोथ और मजबूती के लिए अच्छा होता है। जो लोग डायट में मैग्नीशियम की पर्याप्त मात्रा लेते हैं उनकी हड्डियों में मिनरल्स की डेंसिटी ज्यादा होती है।

# ब्रश करने के बाद खून आए तो अलर्ट हो जाएं



सेहत के मामले में जिस चीज पर सबसे कम फोकस होता है वह ओरल हेल्थ है। अमेरिका में 30 साल से ऊपर वाले 50 प्रतिशत लोगों को मसूड़ों से संबंधित बीमारियां हैं। एक्सपर्ट कहते हैं- मुंह में मौजूद यह खामोश रोग दांतों को काफी नुकसान पहुंचाता है। यदि ब्रश या फ्लॉस करने के बाद हफ्ते में एक-दो बार आपकी लार कभी-कभी गुलाबी रंग की हो जाती है, तो संभव है कि आपको जिंजिवाइटिस (शुरुआती चरण की मसूड़ों की बीमारी) है। कई बार लक्षण नहीं भी दिखते हैं।

### क्या हैं ये समस्याएं, शुरुआती लक्षण और इन्हें कैसे रोक सकते हैं, जानिए

आमतौर पर जिंजिवाइटिस (डेंटल पायरिया) की समस्या होती है। यह दांतों पर बैक्टीरिया और प्लाक की वजह से होता है। ये बैक्टीरिया मसूड़ों के टिशू पर हमला करके उन्हें नष्ट कर सकते हैं। इससे दांतों को सहारा देने वाली हड्डी टूटती है और दांतों की जड़ें एक्सपोज हो जाती हैं। दांतों के बीच जगह बन जाती है, इससे वे ढीले होने लगते हैं। इलाज न किया तो डिमेंशिया, डायबिटीज और दिल की बीमारियों का जोखिम भी होता है।

### लक्षणः मसूड़ों से खून बहता है, रंग में बदलाव, मुंह से बदबू भी

ब्रश या फ्लॉस करने पर मसूड़ों से खून बहता है। मसूड़ों का हिस्सा गुलाबी के बजाय लाल दिखता है। दांतों में कैविटी नहीं है तो भी यह समस्या हो सकती है। हमेशा मुंह से बदबू आती है, स्वाद बिगड़ा रहता है। चबाने में समस्या हो और दांतों में ढीलापन लगे तो अलर्ट होना जरूरी है।

## साड़ी ड्रेपिंग के आसान टिप्स....

# सदाबहार हैं ये साड़ियां

**अपने देश में साड़ी कभी भी आउट डेटेड नहीं हो सकती. मौका कोई भी हो, साड़ी हर जगह प्रासंगिक लगती है. एक कंप्लीट लुक मिलता है. ग्रेस में भी इससे इजाफा होता है. बेशक इन दिनों कई महिलाओं को साड़ी पहनना जरा मुश्किल भरा लगता है. आइए, साड़ी पहनने को आसान बनाने के लिए और आपको एक गॉर्जियस लुक देने के लिए साड़ी ड्रेपिंग और प्लीटिंग के कुछ सिंपल टिप्स पर करें बात...**

### प्री-स्टिच प्लीट्स

कई बार हम इसलिए भी साड़ी पहनने से बचते हैं, क्योंकि इसे बांधने में अधिक समय जाया हो जाता है. साड़ी को ड्रेप करने से पहले प्लीट्स को प्री ड्रेप कर लेंगी तो आपका बहुत समय बच जाएगा. इसके लिए साड़ी का इनर एज लीजिए और 5 से 7 प्लीट्स बनाइएं. हर प्लीट 4 से 5 इंच का होना चाहिए. अब इन पर छोटी स्टिच लगा दें जिससे ये खुले नहीं. इस तरह से प्लीट्स जगह पर रहेंगे और और साड़ी को क्लीन लुक मिलेगा. अगर सुबह कहीं साड़ी पहन कर जाना है तो एक रात पहले ही प्लीट्स बना कर स्टिच करने पर समय की बचत होगी.

### इनके लिए डबल ड्रेपिंग

सिल्क या अन्य किसी वेडिंग साड़ी के लिए डबल ड्रेप सही रहता है. इसमें पल्लू को अलग से प्लीट करके कंधे पर सिक्योर किया जाता है. इस तरह से कमर के पास वजन कम हो जाता है और साड़ी का स्ट्रक्चर पूरे दिन मेंटेन रहता है.

### सही फैब्रिक का चुनाव

अगर साड़ी पहनना हाल ही शुरू की हैं तो उसकी फैब्रिक पर विशेष ध्यान दें. ऐसे फैब्रिक चुनिए, जिनको मैनेज करना आसान हो. शिफॉन, जॉर्जेट या क्रेप आदि की साड़ियां संभालना और ड्रेप करना दोनों अधिक आसान होगा. ये मटीरियल प्लीटिंग प्रोसेस के दौरान फ्लैटरिंग फ़ोल्डस क्रिएट करते हैं.



### नाड़े वाले पेटिकोट

इन दिनों साड़ी के लिए कई तरह की व इलेस्टिक वेस्ट बैंड वाले पेटिकोट भी आ रही हैं. लेकिन अगर साड़ी पहनने की बहुत अभ्यस्त नहीं हैं तो नाड़े वाले पेटिकोट लीजिए. नाड़े की मदद से आप अपनी सुविधा व आराम के हिसाब से पेटीकोट को टाइट कर सकती हैं. वैसे कई महिलाएं बॉडी शेपर पेटिकोट या टमी टकर के साथ कंफर्टेबल महसूस करती हैं. ऐसी स्थिति में बेशक यही उपयोग करें.



### रेडी टू वियर साड़ियां

मार्केट में रेडी टू वियर साड़ियां बेहद सहजता से उपलब्ध हैं. इन साड़ियों में स्टिच की हुईप्लीट्स रहती हैं. बाकी फैब्रिक को कमर और कंधे पर सेट करना होता है. कई रेडी टू वियर साड़ियां बिल्कुल स्कर्ट की शेप और स्कर्ट साड़ी के नाम से आती हैं. अगर साड़ी पहननी जरूरी है और पहनने में महारथ अभी हासिल नहीं तो इन्हें भी अपना सकती हैं.

### प्लीट्स को अच्छे से करें टक

साड़ी को प्लीट करते हुए सुनिश्चित करें कि हर प्लीट बराबर मोड़ें. सबके बीच बराबस स्पेस भी हो. प्लीट्स को इस तरह से टक करें कि ये स्ट्रेट फॉल आए. एक बढ़िया तरीके से टक की हुई साड़ी आपके कर्व्स को खूबसूरत लुक देती है.

### अच्छी क्वॉलिटी के सेफ़्टी पिन

अच्छी क्वालिटी के सेफ़्टी पिन साड़ी को बढ़िया तरीके से ड्रेप करने के लिए जरूरी हैं. डिफरेंट साइज में मजबूत सेफ़्टी पिन चुनिए, ताकि प्लीट्स, पल्लू और कमर के पास प्लीट्स अच्छी तरह से सिक्योर हो जाए. ऐसे में कहीं भी साड़ी खुलने के डर से आप मुक्त रहेंगी और ग्रेस के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगी.

### पल्लू पर लगाएं ब्रोच



साड़ी के लिए ब्रोच कोई नई चीज नहीं. पुराने जमाने से इसका इस्तेमाल होता आया है और यह सुविधा के साथ एलीगेंस टच डेटा है. पल्लू को जगह पर रखने के लिए डेकोरेटिव ब्रोच लगाएं. इससे कंधे पर यह आसानी से फिक्स हो जाएगा.

### कॉटन साड़ी में प्रैक्टिस

साड़ी ड्रेपिंग करने की कला अभी सीख ही रही हैं तो बेहतर है कि सूती साड़ियों के साथ प्रैक्टिस कीजिए. दरअसल सूती साड़ियों ड्रेप करना और प्लीट बनाना बहुत मुश्किल भरा काम माना जाता है. ऐसे यदि आपने सूती साड़ी बांधनी सीख ली, तो किसी भी फैब्रिक की साड़ी पहनना मुश्किल नहीं होगा.

## ये फूड आयटम बढ़ा सकते हैं

# पीरियड में दर्द

माहवारी या पीरियड्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है. कुछ लड़कियों व महिलाओं को पीरियड्स के दौरान पेट और कमर में अधिक दर्द होता है. इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं. इसे खानपान से जोड़ कर भी देखा जाता है. कुछ फूड आयटम को खाने से मासिक धर्म के दौरान तेज दर्द हो सकता है. कुछ ऐसे ही फूड आयटम की हमने पहचान की है जो पीरियड्स पेन को बढ़ा सकता है. आइए, इसकी चर्चा करें-

### 1. प्रोसेस्ड/पैकेज्ड फूड

प्रोसेस्ड फूड के सेवन से मासिक के दौरान दर्द बढ़ सकता है. फास्ट फूड, पैकेज्ड स्नैक्स और चीनी वाले खाद्य पदार्थ पेट में सूजन बढ़ा सकते हैं और पीरियड्स के दौरान दर्द को बढ़ा सकते हैं. दर्द से राहत और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रोसेस्ड फूड को अपने आहार से बाहर कर देना चाहिए.

### 2. ट्रांस फैट

मार्केट में ऐसी चीजों की भरमार है जिनमें ट्रांस फैट अधिक होता है. फ्राइड समोसे से लेकर चीज वाले बर्गर-पिज्जा तक में ट्रांस फैट की मात्रा बहुत अधिक होती है. ये शरीर में सूजन बढ़ा देते हैं जो दर्द का कारण बनता है. ऐसी चीजें खाने से बचें.

### 3. कैफीन

मासिक के दौरान हम चाय-कॉफी के सेवन से थोड़ा राहत महसूस करते हैं. लेकिन कॉफी में मौजूद मौजूद वासोकोनस्ट्रिक्टिव प्रभाव के कारण कई महिलाओं को दर्द महसूस हो सकता है.

### 4. हाई सोडियम वाली चीजें

मासिक के दौरान मूड स्विंग से निबटने के लिए अक्सर हम चिप्स-नकीन के पैकेट खोल कर टूंगने लगती हैं. इन सबमें हाई सोडियम होते हैं. हाई सोडियम वाली चीजें शरीर के आंतरिक भागों में पानी भरने और सूजन का कारण बनती हैं. इससे पीरियड के दौरान दर्द बढ़ जाता है. इसलिए नमकीन स्नैक्स, प्रोसेस्ड मीट और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से बचें.

### 5. रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट

सफेद ब्रेड, सफेद चावल और चीनी वाली चीजें रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट की श्रेणी में आती हैं. ये ब्लड शुगर और सूजन को बढा सकती हैं. इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें.

### 6. डेयरी प्रोडक्ट

पीरियड के दौरान कुछ महिलाओं को डेयरी प्रोडक्ट में मौजूद लेक्टोस के कारण दर्द और सूजन का अनुभव हो सकता है. यदि किसी को डेयरी से एलर्जी है तो वह भी इसे लेने से बचे.

### 7. अधिक चीनी वाली चीजें

सोडा, कोल्ड ड्रिंक, कैंडी, पेस्ट्री, मिठाइयां जैसी अधिक चीनी वाली चीजें शरीर में सूजन और हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकती है. इस वजह से भी कई बार पीरियड के दौरान दर्द हो सकता है. इसलिए इनसे भी बचना चाहिए.

# एक महीने की होती है खरमास की अवधि इसे बेहद अशुभ महीना माना जाता है

**शनिवार को धनु संक्रांति से खरमास शुरू हो रहे हैं जिसका समापन मकर संक्रांति पर 15 जनवरी 2024 को होगा। खरमास की अवधि एक महीने की होती है, शास्त्रों से अनुसार ये बेहद अशुभ महीना माना जाता है, इसलिए इस दौरान सभी मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं। खरमास क्यों लगते हैं और इसे अशुभ क्यों माना गया है**

शनिवार को धनु संक्रांति से खरमास शुरू हो रहे हैं जिसका समापन मकर संक्रांति पर 15 जनवरी 2024 को होगा। खरमास की अवधि एक महीने की होती है, शास्त्रों से अनुसार ये बेहद अशुभ महीना माना जाता है, इसलिए इस दौरान सभी मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं। खरमास क्यों लगते हैं और इसे अशुभ क्यों माना गया है। आइए जानते हैं इसके पीछे की पौराणिक कथा।




### जानिये खरमास लगने का कारण

जब सूर्य गुरु की राशि में होते हैं तो उस काल को गुर्वादित्य कहा जाता है, जो शुभ कामों के लिए वर्जित है। इसके पीछे पौराणिक कथा के अनुसार सूर्य देव सदा अपने 7 घोड़ों पर सवार होकर गतिमान रहते हैं। सूर्य देव कभी रुकते नहीं, वह निरंतर ब्रह्माण्ड की परिक्रमा लगाते हैं, यही वजह है कि समस्त प्रकृति गतिशील रहती है। धर्म ग्रंथ के अनुसार सूर्य क्षण भर के लिए भी रुक नहीं सकते क्योंकि अगर वह गतिहीन हो गए तो जनजीवन उथल-पुथल हो जाएगा।

### सूर्य ने रथ में 'खर' को किया शामिल

कथा के अनुसार एक बार सूर्य अपने रथ पर सृष्टि की परिक्रमा लगा रहे थे तब हमेंत ऋतु में उनके घोड़े थक गए, पानी की तलाश में वह एक तालाव किनारे रुक गए लेकिन सूर्य देव का गतिमान रहना जरुरी था नहीं तो संसार में सकट आ जाता है। ऐसे में उन्होंने तालाब किनारे खड़े दो खर यानी कि गधों को अपने रथ में जोड़ लिया और दोबारा परिक्रमा के लिए चल दिए।

जब रथ में गधों को जोड़ा गया तो रथ की गति काफी धीमी हो गई लेकिन जैसे तैसे करके एक मास का चक्र पूरा हुआ और इस दौरान सूर्य देवता के घोड़ों ने आराम से विश्राम कर लिया। कहा जाता है कि, एक महीना पूरा होने के बाद सूर्य देव ने दोबारा अपने घोड़ों को रथ में लगा लिया और अब यही क्रम पूरे साल भर चलता रहता है और इसी समय को खरमास कहा जाता है।

### खरमास में क्यों अशुभ माने गए हैं मांगलिक कार्य

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मांगलिक कार्य शादी विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश आदि काम बृहस्पति की शुभ स्थिति पर विचार किया जाता है। लेकिन सूर्य देव जब बृहस्पति की राशि में धनु या मीन में प्रवेश करते हैं तो बृहस्पति का प्रभाव कम हो जाता है। वहीं सूर्य की गति भी धीमी होती है.यही वजह है कि खरमास में शुभ कार्य पर रोक लग जाती है, क्योंकि इसके परिणाम शुभ नहीं होते।

# अशुभ खरमास में भी कर सकते हैं ये काम, मिलेगा शुभ परिणाम

**खरमास को अशुभ माना जाता है इसी कारण से इस पूरे माह के दौरान शुभ कार्यों को करने की मनाही होती है। वहीं, हमारे ज्योतिष एक्सपर्ट डॉ राधाकांत वत्स का कहना है कि खरमास के दौरान कुछ ऐसे भी शुभ कार्य हैं जिन्हें किया जा सकता है और उन्हें करने से घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है। साथ ही खरमास के दौरान इन शुभ कार्यों को करने से 1000 गुना ज्यादा पुण्यों और लाभकारी फलों की प्राप्ति होती है।**

हिन्दू धर्म में खरमास का अत्यधिक महत्व है। खरमास को अशुभ माना जाता है इसी कारण से इस पूरे माह के दौरान शुभ कार्यों को करने की मनाही होती है। वहीं, हमारे ज्योतिष एक्सपर्ट डॉ राधाकांत वत्स का कहना है कि खरमास के दौरान कुछ ऐसे भी शुभ कार्य हैं जिन्हें किया जा सकता है और उन्हें करने से घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है। साथ ही खरमास के दौरान इन शुभ कार्यों को करने से 1000 गुना ज्यादा पुण्यों और लाभकारी फलों की प्राप्ति होती है। ऐसे में आइये जानते हैं खरमास के दौरान कौन से शुभ काम किये जा सकते हैं।

हिन्दू धर्म में कुछ ऐसी अशुभ तिथियां बताई गई हैं जिनपर शुभ काम करना उचित नहीं माना जाता है। इनमें अमावस्या, श्राद्ध के 15 दिन, ग्रहण, पंचक (दिसंबर 2022 के पंचक में बरतें ये सावधानियां) आदि शामिल हैं। इन्हीं तिथियों में से एक खरमास भी है लेकिन इन तिथियों पर पूजा-पाठ के लिए खासा जोर दिया जाता है।

मान्यता है कि खरमास के दौरान जितना ज्यादा पूजा-पाठ किया जाए उतना ही शुभ होता है। खरमास के दौरान पूजा-पाठ करने से व्यक्ति के दोषों का नाश होता है, अशुभता दूर होती है, नकारात्मकता नष्ट हो जाती है, ग्रहों की कृपा बरसती है और भगवान का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

इसके अलावा, खरमास के दौरान यज्ञ करना भी बेहद पुण्यकारी और फलदायी माना गया है। जिस घर में खरमास के दौरान हवन किया जाता है उस घर में हमेशा मां लक्ष्मी (मां लक्ष्मी की पूजा के नियम) का वास बना रहता है और घर में आर्थिक तंगी जैसे हालात पैर नहीं पसार पाते हैं। साथ ही, मां लक्ष्मी की कृपा से धन में भी वृद्धि होती है। खरमास के दौरान सत्यनारायण भगवान की कथा का पाठ अवश्य कराना चाहिए। माना जाता है कि खरमास में सत्यनारायण भगवान की कथा का पाठ कराने और कथा सुनने से पाप ग्रहों का प्रभाव कम हो जाता है और घर से बीमारी भी छूटने लगती है। घर के बीमार व्यक्ति की हालत में सुधार आने लगता है। खरमास के दौरान भगवान सूर्य को रोजाना नियमित रूप से जल अवश्य चढ़ाना चाहिए। सूर्य भगवान की कृपा से व्यक्ति के रोग-दोष दूर होते हैं और व्यक्ति के भाग्य के साथ-साथ उसका व्यक्तित्व भी निखरता है।

## विनायक चतुर्थी आज

# भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से मनवांछित फल की होती है प्राप्ति

**हर माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को विनायक चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर विधि- विधान से भगवान गणेश की पूजा- अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन विधि- विधान से पूजा- अर्चना करने से भगवान गणेश की विशेष कृपा प्रात होती है।**

भगवान गणेश प्रथम पूजनीय देव हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा के बाद ही होती है। हर माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को विनायक चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। इस समय



मार्गशीर्ष मास का शुक्ल पक्ष चल रहा है। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर विधि- विधान से भगवान गणेश की पूजा- अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन विधि- विधान से पूजा- अर्चना करने से भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### विनायक चतुर्थी पूजा विधि

- इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें।
- इसके बाद घर के मंदिर में सफाई कर दीप प्रज्वलित करें।
- दीप प्रज्वलित करने के बाद भगवान गणेश का गंगा जल से जलाभिषेक करें।
- इसके बाद भगवान गणेश को साफ वस्त्र पहनाएं।
- भगवान गणेश को सिंदूर का तिलक लगाएं और दूर्वा अर्पित करें।
- भगवान गणेश को दूर्वा अतिप्रिय होता है। जो भी व्यक्ति भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित करता है, भगवान गणेश उसकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।
- भगवान गणेश की आरती करें और भोग लगाएं। आप गणेश जी को मोदक, लड्डुओं का भोग लगा सकते हैं।
- इस पावन दिन भगवान गणेश का अधिक से अधिक ध्यान करें।
- अगर आप व्रत रख सकते हैं तो इस दिन व्रत रखें।

### विनायक चतुर्थी महत्व

- इस पावन दिन का बहुत अधिक महत्व होता है।
- विनायक चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।
- विनायक चतुर्थी के दिन व्रत रखने से विघ्न दूर हो जाते हैं।

# हर गुरुवार करें 6 खास उपाय, विवाह की अड़चने होंगी दूर, होगी समृद्धि ही समृद्धि



गुरुवार को कई लोग बृहस्पतिवार भी कहते हैं। गुरुवार का दिन भगवान श्री हरी विष्णु जी का दिन माना जाता है। इस दिन विधि-विधान और श्रद्धा के साथ नारायण जी की आराधना की जाती है। वहीं, गुरुवार के दिन कुछ उपाय करने से गुरु ग्रह की बुरी स्थिति को भी सुधारा जा सकता है। गुरु के बुरे प्रभाव से विवाह में देरी और खराब आर्थिक स्थिति जैसी दिक्कतें झेलनी पड़ सकती हैं। इसलिए विवाह की अड़चने, घर की दरिद्रता दूर करने और विष्णु भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए हर गुरुवार के दिन करें ये काम-

### गुरुवार के उपाय

- **1. अपनी फाइनेंशियल सिचुएशन को सुधारने के लिए आपको हर बृहस्पतवार के दिन पीले कपड़े पहनने चाहिए और गुरु को मजबूत बनाए रखने के लिए पीली चीजों का दान भी करना चाहिए।**
- **2. अपने घर की दरिद्रता दूर करना चाहते हैं तो हर गुरुवार प्रभु विष्णु और माता लक्ष्मी की पूरे विधि-विधान से पूजा करें। इससे गुरु दोष का बुरा प्रभाव भी कम होगा।**
- **3. आर्थिक तंगी से निजात पाने और गुरु को मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।**
- **4. अगर आपकी कुंडली में गुरु दोष है, जिसके चलते आर्थिक और निजी जिंदगी में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं तो गुरुवार के दिन पानी में एक-दो चुटकी हल्दी मिलाकर नहाएं।**
- **5. ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का 108 बार रोजाना जाप करने से जीवन के कष्टों को दूर कर कुंडली में गुरु की स्थिति को सुधारा जा सकता है।**
- **6. गुरु के बुरे प्रभाव से बचने के लिए और विवाह की रुकावटें दूर करने के लिए गुरुवार के दिन केले के पेड़ की पूजा करें। पेड़ की जड़ के समक्ष घी के पांच दीपक जलाएं। चने और गुड़ का भोग लगाएं। इसके बाद भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की साथ में विधिवत पूजा करें।**

## खरमास में सूर्य, शुक्र, मंगल, बुध और गुरु की बदलेगी चाल

# 5 राशि वाले होंगे मालामाल तो ये 3 राशि वाले हो जाएं सतर्क

**खरमास माह में कई ग्रहों का राशि परिवर्तन होना है। ग्रहों के राशि परिवर्तन करने से सभी राशियां प्रभावित होंगी। कुछ राशि वालों को शुभ तो कुछ राशि वालों को अशुभ फल की प्राप्ति होगी।**



खरमास माह में कई ग्रहों का राशि परिवर्तन होना है। ग्रहों के राशि परिवर्तन करने से सभी राशियां प्रभावित होंगी। कुछ राशि वालों को शुभ तो कुछ राशि वालों को अशुभ फल की प्राप्ति होगी। 16 दिसंबर से खरमास की शुरुआत होने जा रही है, यह 14 जनवरी तक रहेगा। खरमास में कोई भी मांगलिक या नया काम नहीं होता है। 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व से फिर बैंड, बाजा और बारात की शुरुआत होगी। खरमास में सूर्य, शुक्र, मंगल, बुध और गुरु की चाल बदलने जा रही है। 16 दिसंबर को सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे। 25 दिसंबर को शुक्र वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। 27 दिसंबर को मंगल धनु राशि में प्रवेश करेंगे। 28 दिसंबर को बुध वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। 31 दिसंबर को गुरु मेष राशि में मार्गी हो जाएंगे। 7 जनवरी, 2024 को बुध धनु राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य, शुक्र, मंगल, बुध और गुरु के राशि परिवर्तन से सभी 12 राशियां प्रभावित होंगी। कुछ राशि वालों को लाभ होगा तो कुछ राशि वालों को सावधान रहने की आवश्यकता है। आइए जानते हैं, सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा खरमास माह। पढ़ें मेष से लेकर मीन राशि तक का हाल...

- **मेष राशि**- मेष राशि वालों के लिए ये समय सामान्य रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान भी हो सकता है। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।
- **वृषभ राशि**- वृषभ राशि वालों के लिए उतार-चढ़ाव से भरा समय कहा जा सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित।
- **मिथुन राशि**- आत्मसयंत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि।
- **कर्क राशि**- मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।
- **सिंह राशि**- संयत रहें। क्रोध व आवेश के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि।
- **कन्या राशि**- वाणी के प्रभाव से कारोबार में वृद्दि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के साधन बनेंगे। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेगा।
- **तुला राशि**- मन अशांत रहेगा। नौकरी में परिवर्तन की संभावना बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार का साथ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **वृश्चिक राशि**- कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेशी कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **धनु राशि**- आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **मकर राशि**- नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। आय में वृद्धि।
- **कुंभ राशि**- कुंभ राशि वालों को खरमास में मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। मानसिक परेशानियां बढ़ेंगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद समाचार मिल सकते हैं।
- **मीन राशि**- मीन राशि वालों के लिए खरमास शुभ रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में बदलाव की संभावना बन रही है। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

# धनु राशि में बुध ने मचाई हलचल

## कुछ राशि वालों को जबर्दस्त लाभ की संभावना तो कुछ को करने पड़ेगा परेशानियों का सामना

गत 13 दिसंबर को बुध देव ने चाल बदल ली है। इस दिन बुध देव धनु राशि में वक्री हो गए हैं। वक्री चाल का मतलब होता है उलटी चाल चलना। ज्योतिष में ग्रहों की उलटी चाल चलने को महत्वपूर्ण माना जाता है। बुध के धनु राशि में वक्री होने से कुछ राशि वालों को जबरदस्त लाभ हो रहा है तो कुछ राशि वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुध देव 27 दिसंबर तक धनु राशि में ही वक्री रहेंगे।

- **मेष राशि**- पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धर्म के प्रति श्रद्धा भाव बढ़ेगा।



नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

- **वृषभ राशि**- मन अशांत रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय में वृद्धि होगी।
- **मिथुन राशि**- कारोबारी कार्य में मन लगेगा। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा।
- **कर्क राशि**- मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाई आ सकती है। मीठे खान-पान में रुचि बढ़ेगी।
- **सिंह राशि**- आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। पर, मन कुछ परेशान भी हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी।
- **कन्या राशि**- मन अशांत रहेगा। मानसिक तनाव से बचें। कारोबार में कठिनाई आ सकती है। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा।
- **तुला राशि**- मन प्रसन्न रहेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखन कार्यों में व्यस्तता रहेगी। आय के साधन बन सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा।
- **वृश्चिक राशि**- मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।
- **धनु राशि**- आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परंतु धैर्यशीलता में कमी आएगी। संयत रहें। बातचीत में संतुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफल होंगे।
- **मकर राशि**- आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार में शांति बनाए रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। वाहन पर खर्च बढ़ेंगे।
- **कुंभ राशि**- नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। विदेश यात्रा का योग है।
- **मीन राशि**- मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध व आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।



## क्रॉप टॉप में रेस्टोरेंट से बाहर निकलीं पलक तिवारी

23 साल की पलक तिवारी के लाखों फैंस हैं। पलक की पहली फिल्म रिलीज हो चुकी है और वो एक्टिंग से ज्यादा फैशन सेंस की वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। हाल ही में पलक मुंबई के बेस्टियन रेस्टोरेंट से बाहर जैसे ही निकलीं तो उनके लुक को देखकर फैंस की कतार लग गई। देखिए पलक तिवाकी के कातिलाना लुक की फोटोज। इन फोटोज में पलक तिवारी कैमरे के सामने मल्टीकलर फुल स्लीव का क्रॉप टॉप पहने हुई हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस लो वेस्ट जींस पहने दिखीं।

एक्ट्रेस जैसे की रेस्टोरेंट से बाहर निकलीं तो उन्हें देखकर फैंस बेकाबू हो गए। एक्ट्रेस के इस फुल स्लीव क्रॉप टॉप का बेस ब्लू कलर का है जो मल्टीकलर प्रिटेंड है। इस ब्लू टॉप को पहनकर एक्ट्रेस जैसे ही रेस्टोरेंट से निकलीं तो उनके लुक को देखकर हर कोई उनका फैन हो गया। एक्ट्रेस ने पैर में व्हाइट कलर की सैंडल और बालों को ओपन करके लाइट मेकअप किया हुआ है।



पलक ने कैमरा देखते ही एक से बढ़कर एक किलर पोज भी दिए। एक्ट्रेस जैसे ही अपनी कार के पास पहुंचीं तो उनके फैंस ने सेल्फी लेने के चक्कर में उन्हें घेर लिया। पलक भी फैंस के साथ सेल्फी क्लिक करवाने लगी और फिर कार में बैठकर वहां से रवाना हो गईं। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो वायरल हो रहे हैं। आपको बता दें, पलक तिवारी ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से डेब्यू किया है। फिल्म में पलक का रोल भले ही छोटा था लेकिन सलमान की फिल्म से डेब्यू काफी बड़ी बात है।

## तारा सुतारिया खूबसूरत तो हैं ही, स्टाइल भी सोने पर सुहागा



अगर बॉलीवुड की मोस्ट स्टाइलिश दीवा की बात हो तो तारा सुतारिया का नाम जरूर लिस्ट में शामिल होगा। खूबसूरत तो बेइंतहा हैं ही उस पर उनका स्टाइल मानो सोने पर सुहागा। यही वजह है कि तारा का हर अंदाज लोगों को खूब भा जाता है।

एक बार फिर हसीना ने ये बात सही साबित कर दी। ब्लैक कलर के आउटफिट में तारा ने कहर ढा दिया। लिहाजा हसीना की तस्वीरें दिल पर छप गईं। तारा किसी इवेंट के लिए पहुंची थीं जहां पर उनका ये लुक किसी कयामत से कम नहीं था। इंडियन हो या फिर मॉर्डन लुक तारा हर लिबास को इतने कॉन्फिडेंस के साथ कैरी करती हैं कि हर बार निगाहें उनसे हटती ही नहीं।

इस बार भी तारा ने खुद को इतने स्टाइल और खूबसूरती से कैरी किया कि अब सोशल मीडिया पर ये हसीना छा गई हैं और उन पर प्यार लुटाने में फैंस कोई कमी नहीं रख रहे। एक यूजर ने तारा को गॉर्जियस कहा तो किसी ने तारा के हुस्न की कर दी लंबी चौड़ी तारीफ। वैसे तारा सुतारिया इस साल काफी चर्चा में रहीं। हाल ही में उनकी फिल्म अपूर्वा रिलीज हुई जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला तो वहीं अपने ब्रेकअप के कारण भी उन्होंने सुर्खियां बंटोरी। काफी समय तक आदर जैन को डेट करने वालीं तारा का इस साल ब्रेकअप हो गया। साल के शुरुआत में ही दोनों अलग हो गए थे जिसकी अटकलें भी लगाई गईं लेकिन कुछ समय पहले ही तारा ने ये रिवील किया कि वो अलग हो चुके हैं। खास बात ये है कि तारा से ब्रेकअप के तुरंत बाद अब आदर फिर से किसी के प्यार में हैं।



## बड़ी-बड़ी आंखें, किलर लुक, अदाओं का तीर चलाते हुए पानी में उतरीं जाह्नवी कपूर, फोटोज वायरल

जाह्नवी कपूर ने एक बार फिर अपने सिजलिंग लुक से सोशल मीडिया पर बवाल काट दिया है। एक्ट्रेस ने पानी में उतरकर ऐसे-ऐसे पोज दिए हैं, जिन्हें देख नेटीजन्स दीवाने हुए जा रहे हैं। आइए, यहां देखते हैं फेमस यंग एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की लेटेस्ट फोटोज।

जाह्नवी कपूर अपनी अदाकारी के साथ-साथ अदाओं के लिए भी बखूबी सुर्खियां बटोरना जानती हैं। हाल में भी जाह्नवी कपूर ने कुछ ऐसा ही किया है। जाह्नवी ने ब्लू कलर की सिजलिंग ड्रेस में एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं।





जाह्नवी कपूर इस फोटो ब्लू कलर की सीक्वेन ड्रेस पहने पानी में अपनी अदाओं का जलवा दिखाती नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर के इस लुक ने सोशल मीडिया पर बवाल काट दिया है।

बड़ी-बड़ी आंखें, भीगी जुल्फों के साथ जाह्नवी कपूर कयामत ढा रही हैं। एक्ट्रेस के लुक की बात करें तो जाह्नवी ने डार्क आईमेकअप के साथ लाइट ब्राउन लिपशेड कैरी करके अपने स्टाइल में चार-चांद लगाए हैं।

भीगी जुल्फें, दमकता बदन। जाह्नवी कपूर के इस लुक को देख फैंस के दिलों पर छुरियां चल गई हैं। लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस कभी कैमरे की तरफ निहार तो कभी नजरें फेरकर पोज देती नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर के लेटेस्ट फोटोशूट की इन तस्वीरों पर नेटीजन्स भर-भरकर कमेंटबाजी कर रहे हैं। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस की बकट में इस समय कई फिल्में हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा से साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। देवरा के अलावा एक्ट्रेस की बकट में मिस्टर एंड मिसेज माही और उलझ जैसी फिल्में भी हैं।



## गोल्डन ड्रेस, किलर फिगर और कातिलाना हुस्न, बदमाश रेस्टोरेंट लॉन्च में सुनहरी परी बनकर पहुंचीं मौनी रॉय

मौनी रॉय ने मुंबई में लेट नाइट अपने रेस्टोरेंट बदमाश के दूसरे आउटलेट का लॉन्च किया। इस इवेंट में मौनी पति सूरज नांबियार के साथ पहुंचीं। इस मौके पर एक्ट्रेस जैसे ही रेड कार्पेट पर आईं तो उनकी ड्रेस ने सबका ध्यान खींचा। एक्ट्रेस गोल्डन कलर की मिनी ड्रेस में इतनी कहर लग रही हैं कि फोटोज सोशल मीडिया पर बवाल मचा रही हैं। देखिए मौनी रॉय की गोल्डन ड्रेस की फोटोज।

बदमाश रेस्टोरेंट का सबसे पहला आउटलेट मौनी रॉय ने कई महीनों पहले लॉन्च किया था। अब इसी रेस्टोरेंट के दूसरे आउटलेट का लॉन्च मुंबई में एक्ट्रेस ने लेट नाइट किया। जिसमें टेलीविजन के कई सितारे पहुंचे। इस दौरान मौनी पति सूरज नांबियार के साथ ग्लैमरस अवतार में पहुंचीं। एक्ट्रेस गोल्डन कलर की मिनी ड्रेस में नजर आईं तो वहीं सूरज नांबियार ब्लैक टी-शर्ट और सेम रंग की जींस में पहुंचे। इन दोनों ने कैमरे के सामने जमकर पोज दिए। मौनी रॉय की ये गोल्डन कलर की मिनी ड्रेस मिनटों में सोशल मीडिया पर छा गई। मौनी की ये ड्रेस लेंथ में काफी यादा छोटी और रिवीलिंग है। पीछे से बैकलेस और आगे से इस ड्रेस का गला काफी यादा डीप है। इस ड्रेस को साथ एक्ट्रेस ने गले में पतली सी गोल्डन कलर की चेन, कंधे पर गोल्डन कलर का बैग और पैर में गोल्डन कलर की हाई हील्स पहने नजर आईं। इसके साथ ही ओपन हेयर और लाइट मेकअप से अपने लुक को पूरा किया। मौनी रॉय के इस किलर लुक को देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं एक्ट्रेस का ये चमचमाता हुआ लुक फैंस को इतना पसंद आ रहा है कि वो एक्ट्रेस के दीवाने हो रहे हैं। आपको बता दें, मौनी आखिरी बार सुल्तान ऑफ दिल्ली वेब सीरीज में नजर आईं थीं। ये डिनी हॉटस्टार प्लस पर रिलीज हुई थी।



### कहर बनकर पहुंचीं दिशा पाटनी

बेस्ट फ्रेंड मौनी रॉय की पार्टी हो और दिशा पाटनी ना पहुंचे ऐसा तो हो ही नहीं सकता। मौनी रॉय ने मुंबई में लेट नाइट बदमाश रेस्टोरेंट का दूसरा आउटलेट ओपन किया तो दिशा पाटनी ग्लैमरस अवतार में पहुंच गईं। दिशा इस लॉन्च में एनिमल प्रिंट का क्रॉप टॉप और डेनिम शॉर्ट्स में पहुंचीं। देखिए दिशा पाटनी का किलर पार्टी लुक जो सोशल मीडिया पर बवाल काटे हुए है।दिशा पाटनी बेस्ट फ्रेंड मौनी रॉय के रेस्टोरेंट लॉन्च में जैसे ही पहुंचीं तो उनके किलर लुक ने आग लगा दी। एक्ट्रेस एनिमल प्रिंट का रिवीलिंग क्रॉप टॉप और उसके साथ डेनिम के शॉर्ट पहने नजर आईं। एक्ट्रेस का ये किलर लुक सोशल मीडिया पर देखते ही देखते छा गया। दिशा पाटनी का ये टॉप फ्रंट साइट से काफी ओपन और लेंथ में छोटा था। इतना ही नहीं इस क्रॉप टॉप का गला इतना ज्यादा डीप था कि उनका लुक मिनटों में वायरल हो गया। इस टॉप के साथ दिशा पाटनी ने डेनिम के शॉर्ट्स पहने। दिशा जैसे ही इस आउटफिट को पहनकर कैमरे के सामने आई तो इंटरनेट का पारा बढ़ गया। हर कोई एक्ट्रेस को बस एक टक देखता रह गया। अपने लुक को पूरा करने के लिए दिशा ने ओपन हेयर के साथ ब्लैक कलर के बूट्स और फेस पर सटल मेकअप में नजर आईं। एक्ट्रेस ने बालों को थोड़ा कर्ली किया है जो उनके लुक पर और भी ज्यादा बेहतरीन लग रहा है। दिशा पाटनी आए दिन मौनी के साथ इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर करती रहती हैं। इन फोटोज पर उनके फैंस भर-भरके कमेंट्स भी करते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी जल्द सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ योद्धा फिल्म में नजर आएंगी। ये फिल्म अगले साल मार्च में रिलीज होगी।

### एकता कपूर ने लगाया ग्लैमर का तड़का

एकता कपूर का टेलीविजन जगत के दिग्गजों के साथ एक खास रिश्ता है और इसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाती भी हैं। ऐसे में जब टेलीविजन की नागिन यानी मौनी रॉय ने अपने नए रेस्टोरेंट की लॉन्च पार्टी रखी तो एकता कपूर अपनी दोस्त को बधाई देने पहुंची। एकता कपूर की टेलीविजन जगत के स्टार्स के साथ खास दोस्ती है। एकता कपूर अपने इन टीवी के सितारों के साथ अक्सर पार्टी भी करती हैं। उनकी करीबी दोस्त और टेलीविजन की नागिन के नाम से मशहूर मौनी रॉय ने मुंबई में अपने नए रेस्तरां के उद्घाटन के लिए सितारों से भरी एक पार्टी की मेजबानी की। मौनी की इस पार्टी में एकता कपूर भी पहुंची। मौनी रॉय के नए रेस्टोरेंट की लॉन्च पार्टी में एकता कपूर प्रिंटिड ट्यूब टॉप के साथ रैप स्कर्ट पहनकर पहुंची थी। ट्यूब टॉप के ऊपर एकता ने कोट पहना हुआ था। एकता की ड्रेस काफी खूबसूरत लग रही थी। एकता कपूर ने एक बार फिर से सटल मेकअप के साथ अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ था। मिनिमल मेकअप एकता के लुक पर काफी सूट करता है और वह इसके खूबसूरत लगती हैं। एकता कपूर का यह लुक फैन्स को काफी पसंद आ रहा है। एकता कपूर सोशल मीडिया पर यादा सक्रिय नहीं हैं और वह अपने प्रशंसकों के साथ कम ही बातचीत करती हैं। हालांकि, 9 अक्टूबर, 2023 को, उसने एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर वापसी की।



# नोएडा में आर्य समाज कर रहा है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर मंथन



**नोएडा ( चेतना मंच )** उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में तीन दिनों तक राष्ट्र की रक्षा, देश में बढ़ रहे अलगाववाद की समस्या और युवाओं को आर्य समाज से जोड़कर देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्य समाज से जुड़े प्रबुद्ध लोग मंथन कर रहे हैं। नोएडा में आयोजित हो रहे आर्य समाज के इस आयोजन में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा विश्व गुरू का दर्जा पुनः हासिल करने के उपायों पर विचार तथा मंथन किया जा रहा है।

आर्य समाज,आर्ष गुरुकुल सेक्टर-33 नोएडा के त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन 16 दिसंबर को आर्य समाज के आचार्य डा जयेन्द्र आचार्य के ब्रह्मत्व में गायत्री महायज्ञ किया गया।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने राष्ट्र रक्षा सम्मेलन में अपने उद्बोधन में कहा कि देश में जहां जहां हिंदु अल्पसंख्यक हुआ वहां वहां आतंकवाद और अलगाववाद बढ़ा है।आर्य समाज द्वारा राष्ट्र रक्षा सम्मेलन आयोजित करना इस बात का द्योतक है कि आर्य समाज राष्ट्र रक्षा के लिए चिंतित है। कांग्रेस के इतिहासकार डा सीता रमैया के अनुसार देश की आजादी के आंदोलन में सबसे ज्यादा जेल जाने वाले आर्य समाजी थे। उन्होंने युवाओं को आर्य समाज से जुड़ने का आह्वान किया क्योंकि बिना युवाओं के कोई भी आंदोलन सफल नहीं हो सकता।

वार्षिकोत्सव में सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक दिनेश पथिक, सुमित अंगिरस एवं अजय आर्य ने सम्मेलन में राष्ट्रभक्ति भक्ति के गीतों को गाकर भाव विभोर कर दिया। आर्य नेता ठाकुरविक्रम सिंह ने कहा कि हमें राज नीति से ऊपर उठकर राष्ट्र की रक्षा का संकल्प लेना होगा।आज समाज में अनेकों समस्याएं सिर उठा रही हैं जिसका समाधान केवल आर्य समाज के पास हैं।

इस अवसर पर डा. वेद पाल,स्वामी यज्ञ मुनि,प्रमोद शास्त्री आदि विद्वानों ने अपने विचार रखे।ब्रह्मचारी भरत एवं दीक्षित शास्त्री द्वारा स्वागत गान गाया गया।वैदिक गुरुकुल आश्रम धमथला की ब्रह्मचार्णियों द्वारा देशभक्ति गीत का प्रस्तुतिकरण देखने योग्य था।

आर्ष गुरुकुल के मंत्री कैप्टन अशोक गुलाटी ने प्रांतीय मंत्री प्रवीण आर्य को एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन डा जयेंद्र आचार्य ने किया। आर्य समाज की मंत्री गायत्री मीना ने सभी अतिथियों एवं दानदातों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यरूप से जिलाध्यक्ष यज्ञवीर चौहान,सुशील भाटिया चंडीगढ़,ओम सपड़ा, अनिल शास्त्री, रविन्द्र सेठ,नरेंद्र सूद, राकेश,दीपक,सन्यासी वृंद,अनंत राम,अशोक आनंद, शशि आनंद, सुशील कठपालिया, शकुंतला सेतिया, नरेन्द्र सूद,राज सरदाना, सीमा आर्या आदि उपस्थित रहे।

आपको बता दें कि नोएडा के सेक्टर-33 में आर्यसमाज का प्रसिद्ध कार्यालय व गुरूकुल स्थापित है। नोएडा में आर्य समाज के संचालन का जिम्मा आचार्य डा. जयेन्द्र आचार्य संभाल रहे हैं। जयेन्द्र आचार्य के नेतृत्व में नोएडा क्षेत्र में आर्य समाज ने व्यापक प्रगति की है। आर्य समाज के आचार्य डा जयेन्द्र आचार्य ने बताया कि 15, 16 और 17 दिसंबर को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बीते 15 दिसंबर को सुबह शोभायात्रा निकाली गयी जिसका शुभारंभ एमिटी शिक्षण समूह के निदेशक व प्रसिद्ध शिक्षाविद् आनंद चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मृदुला चौहान ने ओम ध्वज दिखाकर किया। इसी दिन शाम को अध्यात्मिक सम्मेलन किया गया जिसमें आर्य समाज से जुडे लोगों ने अपने विचार रखे। शनिवार को राष्ट्र रक्षा सम्मेलन हुआ जिसमें महर्षि दयानंद की विचार धारा पर लोगों ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बागपत से लोकसभा सांसद सत्यपाल सिंह रहे। वार्षिक उत्सव में एक शाम महर्षि दयानंद के नाम कार्यक्रम भी हुआ जिसकी अध्यक्षता वानप्रस्थ आश्रम के आर.के. गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि कल 17 दिसंबर को 101 कुंडीय विश्व शांति सौहार्द महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे महर्षि दयानंद सरस्वती यशोगाथा सम्मेलन का समापन समारोह होगा जिसकी अध्यक्षता एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. अशोक कुमार चौहान करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्वकेन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा के साथ ही एमिटी स्कूल की चेयरपर्सन डा. अमिता चौहान व नोएडा के विधायक पंकज सिंह तथा चांदपुर के विधायक स्वामी ओमवेश भी मौजूद रहेंगे।

# एमिटी विवि के ऑनलाइन छात्रों को दी गई डिग्रियां



**नोएडा ( चेतना मंच )** एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे बृहद दीक्षांत समारोह के अंर्तगत अंतिम दिन एमिटी विश्वविद्यालय ऑनलाइन के 700 से अधिक छात्रों को उपाधियां प्रदान की गई। इस अवसर एमिटी विश्वविद्यालय ऑनलाइन के चेयरमैन अजीत चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और एमिटी विश्वविद्यालय ऑनलाइन के निदेशक डा अभिनाश कुमार ने स्नातकोत्तर के 446 और स्नातक के 257 छात्रों को डिग्रीयां प्रदान की गई। इस अवसर पर 6 छात्रों को स्वर्ण पदक, 3 छात्रों को रजत पदक और 2 छात्रों को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

एमिटी विश्वविद्यालय ऑनलाइन के चेयरमैन अजीत चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दीक्षांत समारोह शिक्षा का समापन ही नही बल्कि जीवन के नये चरण का प्रारंभ है। अपनी जीवन यात्रा में सीखना सदैव जारी रखीए और एमिटी में प्राप्त किये गये कौशल और क्षमताओं इस वैश्विक डिजिटल विश्व को प्रभावित करे। विश्व इस समय एक बृहद परिवर्तन के समय से गुजर रहा है ऐसे में एमिटी ने आपके अंदर आत्मविश्वास और लचीलापन जैसे गुण विकसित किये है जो आपको किसी भी चुनौती से निपटने सक्षम बनाते है।

एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज का दिन आपके द्वारा की गई मेहनत का परिणाम आपको प्राप्त हुआ है और यह आपके, आपके अभिभावकों सहित हम सभी के लिए गौरव भरा दिन है।

इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति डा आर के कपूर, फैकल्टी ऑफ मैनजमेंट स्टडीज के डीन डा संजीव बंसल, फैकल्टी ऑफ हॉस्पीटैलिटी एंड टूरिस्म के डीन डा एम सजनानी, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ सोशियल साइंसेस की निदेशक डा निरूपमा प्रकाश उपस्थित थी। इस अवसर पर छात्रों के साथ बड़ी संख्या में उनके अभिभावक भी उपस्थित थे।

## सोमवार को प्राधिकरण में एसीईओ का पदभार ग्रहण करेंगी श्री लक्ष्मी वी.एस.



**नोएडा ( चेतना मंच )।** शासन ने कल देर शाम मिर्जापुर की मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्री लक्ष्मी वी.एस. को नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद तबादला करके भेजा है। वे सोमवार को नोएडा प्राधिकरण में अपना पदभार ग्रहण करेंगी। अब नोएडा प्राधिकरण में एसीईओ की कुल संख्या 04 हो जाएगी।

बता दें कि श्री लक्ष्मी वीएस वर्ष-2017 बैच की आईएएस अधिकारी हैं तथा मूलतः केरल के त्रिचुर की रहने वाली हैं। इसके पूर्व वे फ्तेहपुर तथा कानपुर में सहायक एवं सयुक्त मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं। इसके बाद अप्रैल-2021 से वे मिर्जापुर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत थीं। अब शासन ने उन्हें नोएडा प्राधिकरण में एसीईओ बनाकर भेजा है। नोएडा प्राधिकरण में अभी तक 03 एसीईओ हैं। संजीव खत्री, सतीश पाल तथा वंदना त्रिपाठी एसीईओ की भूमिका निभा रही हैं। अब श्री लक्ष्मी वीएस चौथे एसीईओ के तौर पर कामकाज देखेंगी।

## 7 जनवरी को होंगे फोनरवा के चुनाव




**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के चुनाव 7 जनवरी को होंगे तथा उसी दिन शाम को परिणाम घोषित हो जाएंगे। यह जानकारी चुनाव अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि तीन नए चुनाव अधिकारी नियुक्ति कर दिए गए है। जिनके नाम जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीश कुमार सिंह तथा जिला समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक हिमांशु के नाम शामिल हैं।

शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि 28 दिसंबर को नामांकन होंगे। 29 दिसंबर को नामांकन की सूची चस्पा होगी। 30 दिसंबर को संशोधन के बाद अंतिम सूची प्रकाशित होगी। 1 जनवरी को नामांकन वापिसी की तिथि तय है। 2 जनवरी को उम्मीदवारों की अंतिम सूची चस्पा की जाएगी। 7 जनवरी 2024 को चुनाव होंगे तथा उसी दिन शाम को परिणाम घोषित कर दिए जांएगे।

## बीटेक की छात्रा को क्रेन चालक ने कुचला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में कार के बंद होने के बाद उसे वर्कशॉप ले जाने के लिए बुलाई गई क्रेन के चालक से कार की चाबी लेने के लिए दौड़ रही बीटेक की छात्रा को क्रेन ने कुचल दिया, जिससे छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में क्रेन चालक की लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने क्रेन को अपने कब्जे में ले लिया है और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही रही है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली निवासी 22 वर्षीय छात्रा दिव्यांशी शर्मा ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। वह दिल्ली से नोएडा अपनी अमेज कार से आना जाना करती थी। कॉलेज से घर जाते समय दिव्यांशी ने गलती से कार में डीजल की जगह पेट्रोल डलवा लिया जिससे ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट के पास उसकी कार बंद हो गई।






# ग्रुप हाउसिंग बिल्डर्स व एओए के साथ सीईओ ने की बैठक



नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने आज ग्रुप हाउसिंग के कई बिल्डर्स, एपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन (एओए) के साथ संयुक्त बैठक की।

बैठक में सीईओ ने इम्पीरियल हाउसिंग वेंचर प्राइवेट लिमिटेड तथा सेठी बिल्डवेल बिल्डर्स को निर्देश दिये कि वे एक माह के अंदर एओए को आइएफ्एमएस की धनराशि हस्तांतरण कर दें। इंपीरियल हाउसिंग वेंचर परियोजना के 2850 फ्लैट के पानी के कनैक्शन नहीं हैं। सीईओ ने जलविभाग को निर्देश दिये कि जलापूर्ति हेतु आगणन तैयार करके बिल्डर को भेजें। इस परियोजना में 3900 फ्लैटों में से 1050 फ्लैटों में ही जल का कनैक्शन है। सुपरटेक लि0 का प्रोजेक्ट एमएसएलटी से अच्छादित है। सीईओ ने बैठक में मौजूद आईआरपी प्रर्तििनधि को निर्देश दिये कि परियोजना में ओसी प्राप्त 20 टॉवरों के एओओ को सौंपने के संबंध में एक सप्ताह के भीतर विधिक प्रक्रिया से अवगत कराएं।

बैठक में सेठी बिल्डवेल बिल्डर को निर्देश दिये कि एसटीपी का यूपीपीसीबी से सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) 10 दिन में प्राप्त करके एओए को हस्तगत करें। सीईओ ने जल विभाग को निर्देश दिये कि सेठी बिल्डवेल के खिलाफ जल आपूर्ति की बकाया 1.7 करोड़ की धनराशि जमा कराने के लिए बिल्डर्स से समन्वय स्थापित करके पत्राचार करें। नियोजन विभाग को अंतरिक्ष डवलपर्स के मानचित्रों का पुनः निरीक्षणक करने के निर्देश दिये।

बैठक में सभी बिल्डर्स कंपनी के प्रतिनिधि के अलावा एसीईओ संजीव खत्री, डीजीएम जल आरपी सिंह तथा नियोजन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।